राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 279
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 02 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 विकास भवन के सभागार में एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का
पेज 4 पीलीभीत में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से मचा हाहाकार
पेज 6 दलीप ट्रॉफी के फाइनल का सीधा प्रसारण होगा : बीसीसीआई

## पंजाब के 1300 से ज्यादा गांवों में बाढ़ से हालात खराब

**हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित, हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान**

**देहरादून/श्रीनगर/चंडीगढ़।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। पंजाब के 9 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं।

हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य घोषित किया है।

चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं।

हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से



50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं।

सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के



निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए।

### कुपवाड़ा के जुमागुंड में बादल फटा

उत्तरी कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के जुमागुंड के बनवाली इलाके में बादल फटने से एक 15 साल का लड़का घायल हो गया। इसके अलावा एक घोड़े सहित कई पशुओं की मौत हो गई। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट में तकनीकी खराबी

**मुंबई।** पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट की सोमवार को इमरजेंसी लैंडिंग हुई। प्लेन ने सुबह 6: 40 बजे पुणे से उड़ान भरी। इसे 8: 10 बजे दिल्ली पहुंचना था। लेकिन बीच में हुई तकनीकी दिक्कत की वजह से टेक-ऑफ के एक घंटे बाद पुणे में प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। स्पाइसजेट ने बताया कि फ्लाइट संख्या एसजी 937 में बैठे सभी 205 यात्री सुरक्षित हैं। प्लेन ने 40 मिनट की देरी से उड़ान भरी थी। पायलटों को जब तकनीकी खराबी का पता चला तब प्लेन दमन तक पहुंच चुका था। पिछले चार दिनों में स्पाइसजेट फ्लाइट में दिक्कत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली से श्रीनगर जा रही फ्लाइट में भी तकनीकी खराबी आई थी।

### आम भक्तों के लिए नहीं खुलेगा महाकाल मंदिर का गर्भगृह

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आम भक्तों को प्रवेश नहीं मिलेगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने गर्भगृह में आम भक्तों के प्रवेश पर रोक और वीआईपी श्रद्धालुओं को विशेष अनुमति देने के मामले में कलेक्टर के जारी आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गर्भगृह में किसे प्रवेश मिलेगा, यह तय करने का अधिकार कलेक्टर के पास ही रहेगा। फिलहाल यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। इंदौर के वकील दर्पण अवस्थी ने जनहित याचिका लगाई थी। गुरुवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। सोमवार को फैसला सुनाया।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश का कहर

**448 उड़ानें प्रभावित, गुरुग्राम में बाढ़ जैसे हालात**



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के ज्यादातर इलाकों में सोमवार को तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। सड़कों पर जलभराव और टैफिक जाम से वाहन रेंगते नजर आए। गुरुग्राम में भारी बारिश से सड़कों पर सैलाब जैसा मंजर नजर आया। फरीदाबाद में भी हालात खराब दिखे। घने बादलों और तेज बारिश की वजह से दिन में तीन बजे दिल्ली के पालम इलाके में दृश्यता का स्तर 800 मीटर तक नीचे गिर गया। इससे 400 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं।

### जोरदार बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने मंगलवार को भी दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में जोरदार बारिश की चेतावनी दी है।

खासकर गुरुग्राम में भारी बारिश के आसार हैं। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। फरीदाबाद में भी जोरदार बारिश देखी जा सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर में अभी बारिश का दौर बना रहेगा।

### गुरुग्राम में वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन क्लास के निर्देश

इस बीच गुरुग्राम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उपायुक्त अजय कुमार ने बारिश को लेकर एक एडवाइजरी जारी की इसमें कहा गया है कि मौसम विभाग ने भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसको लेकर जिले के सभी कॉरपोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों को निर्देश जारी किए गए है कि वे दो सितंबर को अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए निर्देशित करें। सभी स्कूलों को मंगलवार को ऑनलाइन कक्षाएं चलाने की सलाह दी गई है।

### दिल्ली में बाढ़ का खतरा

दिल्ली में यमुना उफान पर है। दिल्ली में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। अनुमान है कि दिल्ली में मंगलवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से करीब एक मीटर ऊपर तक पहुंच सकता है। सरकार ने बाढ़ के खतरे को लेकर चेतावनी जारी करते हुए यमुना के निचले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। बाढ़ नियंत्रण टीमों को 24 घंटे अलर्ट पर रहने को कहा गया है। यमुना के किनारे बसे इलाकों को खाली करने का निर्देश दिया गया है।

### इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फार्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने दैनिक भास्कर को बताया कि हमारे परिवार के धनखड़ जी से पुराने रिश्ते हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इनकार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 800 मौतें, 2800 घायल



**आधी रात को 6 तीव्रता का भूकंप आया, सोते हुए लोगों को बचने का मौका नहीं मिला**

**काबुल।** अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11: 47 बजे 6 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2800 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। शहर में रातभर झटके महसूस किए गए। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। यह राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। इसके बाद सोमवार को 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। ये भूकंप जमीन से 65 किमी नीचे आया। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किए गए।



## हैप्पी मॉर्निंग

राजू- होम्योपैथी दवा खाने का भी एक अपना मजा है
सुरेश- वो कैसे? राजू- 4 गोली निकालो तो 6 निकल आती है, और 2 वापस डालो तो 4 चली जाती है
इस खेल में बीमारी से ध्यान हट जाता है
और मरीज ठीक हो जाता है......



## शायरी

अब उस के सामने इंसाफ़ का तराज़ू है
उन्हें कहें कि अदालत का एहतिराम करें

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,364.49
+554.84 (0.70%)
निफ्टी:
24,625.05
+198.20

## मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 25 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 02
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 48

## नौकरी में रहने के लिए टीचरों को टीईटी क्वालिफाई जरूरी

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- ऐसा न करने पर इस्तीफा दें या रिटायरमेंट लें**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी 1 सितंबर को निर्देश दिया है कि अब टीचिंग सर्विस से जुड़े सभी शिक्षकों को अपनी सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीईटी पास करना जरूरी होगा।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा- जिन टीचर्स की नौकरी को 5 साल से ज्यादा बचे हैं, उन्हें टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट क्वालिफाई करना जरूरी होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो उन्हें इस्तीफा देना होगा या फिर कंपल्सरी रिटायरमेंट लेना होगा। हालांकि बेंच ने ऐसे टीचर्स को इससे राहत दी है, जिनकी सर्विस में 5 साल ही बचे हैं।



### माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस के लिए बड़ी बेंच करेगी फैसला

कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका फैसला बड़ी बेंच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में टीचिंग के लिए टीईटी की अनिवार्यता से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है।

### क्या है टीईटी एग्जाम

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8 तक) में टीचर बनने के योग्य है या नहीं। यह परीक्षा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा 2010 में अनिवार्य की गई थी।

## सूरत में कपड़ा मिल में ड्रम फटने से भीषण आग : 2 की मौत

**कई महिला मजदूरों के अंदर फंसे होने की आशंका, बचाव अभियान जारी**

**बारडोली।** गुजरात में सूरत जिले के जोलवा गांव की संतोष टेक्सटाइल मिल में सोमवार शाम को बड़ा हादसा हुआ। मिल में केमिकल से भरा एक ड्रम अचानक फट गया, जिससे मिल में आग लग गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

प्रांत अधिकारी वीके पिपलिया ने



बताया कि पलसाणा तालुका के जोलवा गांव में संतोष मिल में ड्रम फटने से आग लगी। 20 लोग घायल हैं, जिन्हें बारडोली के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। सूरत नगर निगम, बारडोली फायर ब्रिगेड की 8 से 10 गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं। मजूदरों ने बताया कि धमाका इतना शक्तिशाली था कि आग तेजी से पूरे मिल में फैल गई। अचानक हुए इस हादसे से मिल में अफरा-तफरी मच गई। मजदूर अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे, लेकिन कुछ मजदूर अंदर ही फंस गए।

बचाव दल ने जांच के दौरान मिल के अंदर से दो मजदूरों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ मजदूर अभी भी लापता हैं।

### कश्मीर के पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास सोमवार को भारतीय सेना ने आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि सुबह करीब 5: 30 बजे बालाकोट के जनरल एरिया में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी। जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए तुरंत फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद आतंकियों ने भी ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। सेना ने बताया कि आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से देश में घुसने की कोशिश कर रहे थे। घुसपैठ की यह कोशिश ऐसे दिन में हुई जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पिछले महीने हुई भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद की स्थिति का आकलन करने के लिए आज ही जम्मू के दौरे पर थे।

### बेंगलुरु में लिव-इन पार्टनर को जिंदा जलाया

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में लिव-इन पार्टनर को जिंदा जलाकर हत्या का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले कार सवार लिव-इन पार्टनर का पीछा किया। फिर सिग्नल पर गाड़ी रुकवाकर पेट्रोल छिड़क दिया। घटना शनिवार की है। कार में कुल तीन लोग सवार थे। महिला कार से निकलकर भागी तो आरोपी ने उसका पीछा किया। उस पर और पेट्रोल डाला और लाइटर से उसे आग लगा दी। महिला 60 फीसदी झुलस चुकी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 50 साल के विट्ठल के रूप में हुई है। वह एक कैब ड्राइवर और शराब पीने का आदी था। मृतक महिला का नाम वनजाक्षी था। वह 35 साल की थी। दोनों लगभग चार साल पहले लिव-इन रिलेशनशिप में आए थे।

## मराठा आरक्षण : बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- मुंबई की सड़कें खाली करें

**जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, सरकार नए प्रदर्शनकारियों को आने से रोके**

मुंबई। महाराष्ट्र में मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने आंदोलनकारियों को फटकार लगाते हुए आदेश दिया कि आजाद मैदान को छोड़कर मुंबई की सभी रोड कल दोपहर तक खाली करें। जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस गौतम अनखड़ की बेंच ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। हाईकोर्ट की बिल्डिंग को घेर लिया गया है। जजों और वकीलों के एंट्री गेट तक बंद हैं। आज तो हाईकोर्ट के जजों की कारों को रोककर उन्हें कोर्ट आने से रोका गया।



बेंच ने कहा- मुंबई शहर लगभग ठप हो गया है। आम आदमी का जीवन बहाल करने की जरूरत है। शहर को रोका नहीं जा सकता। गणेश उत्सव भी है। कल शाम 4 बजे तक सड़कें खाली करवा ली जाएं। कोर्ट ने कहा कि आंदोलनकारियों को महाराष्ट्र सरकार नवी मुंबई में दूसरी जगह दे सकती है। अगर और आंदोलनकारी मुंबई आने की कोशिश करें तो राज्य सरकार उचित कदम उठाकर उन्हें रोके।

**मांग खारिज**

**लोगों को निराश होने की जरूरत नहीं है वे बाद में भी दावे, आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं**

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआइआर रोकने की मांग खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान में प्रारूप मतदाता सूची में बाहर रह गए लोगों की आपत्तियां और दावे दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। ऐसे में एसआइआर अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक चलती रहेगी। चुनाव आयोग के तय कार्यक्रम के मुताबिक आपत्तियां और दावे दाखिल करने की समय सीमा एक सितंबर को समाप्त हो गई है। हालांकि लोगों को निराश होने की जरूरत नहीं है वे बाद में भी दावे, आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एक सितंबर के बाद भी आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं आपत्तियां और संशोधन पर विचार का काम नामांकन दाखिल होने की अंतिम तारीख तक जारी रहेगा और अंतिम मतदाता सूची में सब शामिल होगा। इसे देखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि आपत्ति और दावे दाखिल करने के लिए तारीख बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### मतदाताओं की मदद के लिए वालिंटियर की तैनाती

हालांकि, कोर्ट ने बिहार के मतदाताओं की मदद के लिए बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष से जिला प्राधिकरण को पैरालीगल वालिंटियर तैनात करने के निर्देश देने को कहा है। ये पैरालीगल वालिंटियर व्यक्तियों को और राजनीतिक दलों को आनलाइन आपत्तियां और दावे या संशोधन दाखिल करने में मदद करेंगे। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि प्रत्येक पैरा लीगल वालिंटियर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश को गोपनीय रिपोर्ट देगा।

### 8 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष होते हैं। पैरालीगल वालिंटियर द्वारा दी गई सूचना को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण आगे विचार के लिए संकलित करेगा। ये आदेश न्यायमूर्ति सूयकांत और जोयमाल्या बाग्ची की पीठ ने सोमवार को बिहार एसआइआर मामले में सुनवाई के बाद दिये। कोर्ट ने मामले की सुनवाई आठ सितंबर को तय करते हुए राजनीतिक दलों और याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग की ओर से दाखिल किए गए प्रपत्र नोट का जवाब देने को कहा है।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 02 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## ‘धर्म की आड़ में तानाशाही और लूट का खेल’



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

कुर्सी है तुम्हारा ये जनाज़ा तो नहीं है
कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते

### धर्म का शोर, मुद्दों की कब्र

आज भारत की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि जनता के असली मुद्दे — बेरोज़गारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य — सब दबा दिए गए हैं। सत्ता ने सवाल पूछने वाली आवाज़ों को धर्म और नफ़रत की दीवार में कैद कर दिया है।

### सत्ता की औलादें, अरबों की कमाई

‘ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा’ अब मज़ाक लगता है। विपक्ष और मीडिया रिपोर्ट्स में लगातार आरोप उठते रहे हैं कि नेताओं के बेटे सत्ता के आशीर्वाद से रातोंरात करोड़पति बने।

- रिपोर्ट्स के अनुसार अमित शाह के बेटे जय शाह के कारोबार की आमदनी कुछ ही वर्षों में कई गुना बढ़ गई और उन्हें बीसीसीआई सचिव का पद भी मिला।
- आरोप है कि नितिन गडकरी के बेटे निखिल गडकरी से जुड़ी कंपनियों को बड़े- बड़े ठेके मिले।
- विपक्ष का दावा है कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के बेटे अरिजीत चौबे का व्यापार साम्राज्य पिता की ताक़त से बढ़ा।
- सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बेटे का नाम सामने आया है, जिसमें एक कथित कंपनी की पूँजी 1 लाख से बढ़कर 323 करोड़ तक पहुँचने की बात कही जा रही है।

जनता की औलाद बेरोज़गारी में सड़कों पर है, और सत्ता की औलाद अरबों पर राज कर रही है।

### नौजवानों की दुर्दशा

- डिग्री हाथ में लेकर युवा चाय बेच रहा है।
- भर्तियाँ वर्षों तक लटकती हैं।
- पेपर लीक होते हैं और दोषी बच जाते हैं।

‘युवा कतार में है, नौकरी अख़बार में है, और भ्रष्टाचार सत्ता के दरबार में है।’ ‘अमृतकाल’ का नारा युवाओं के लिए सबसे बड़ा मज़ाक है।

### कट्टरता का अंजाम

- हिटलर का जर्मनी — नफ़रत की राजनीति से देश खंडहर बना।
- मुसोलिनी का इटली — तानाशाही का अंत फांसी पर हुआ।
- पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान — मज़हबी कट्टरता ने गरीबी और आतंक के गड्ढे में धकेला।

आज भारत भी उसी चौराहे पर खड़ा है — एक रास्ता विज्ञान, शिक्षा और रोज़गार की ओर जाता है, और दूसरा नफ़रत व बर्बादी की ओर।

### जनता का सच

**धर्म के नारों से पेट नहीं भरता। जनता पूछेगी :**

- ‘रोज़गार कहाँ है?’
- ‘महंगाई क्यों है?’
- ‘नेताओं की औलादें कैसे अरबपति बनीं?’

### व्यंग्य की चोट

- ‘राम के नाम पर वोट, पर रोज़गार के नाम पर मौन।’
- ‘नेताओं की तिजोरी भारी, जनता की थाली खाली।’
- ‘धर्म की राजनीति असल में संपत्ति की राजनीति है।’

याद रखिए — भारत मंदिर मस्जिद से नहीं, स्कूलों और कारखानों से मज़बूत होगा। जनता को झुनझुने से नहीं, रोज़गार और ईमानदारी से जीता जाता है।

## यूपी में हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

कैसी विडंबना है कि जो हेलमेट दुर्घटना में हमारे जीवन की रक्षा करता है, उसे पहनाने के लिये सरकार को सख्ती करनी पड़ रही है। जब तमाम दिशा-निर्देशों की अवहेलना तथा जुर्माने की अनदेखी करके लोग बिना हेलमेट का सफर करने की जिद दिखाते हैं तो निश्चय ही सरकारों को सख्ती करनी पड़ती है। ये आने वाला वक्त ही बताएगा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ‘हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं’ मुहिम कितनी प्रभावी साबित होती है। हम यह जानते हैं कि दोपहिया वाहन पर चलना जितना सुविधाजनक है, उतना ही दुर्घटना की दृष्टि से बेहद संवेदनशील भी।

कोई गिरता है तो चोट लगना निश्चित है। खतरा ये होता है कि हमारे गिरने पर पीछे से आ रहा तेज वाहन चाहकर भी गिरने वाले को बचा नहीं पाता। देश में हर साल लाखों दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, कुछ दुर्भाग्यशाली बच नहीं पाते।

लेकिन यदि हेलमेट लगा हो तो जीवित बचने की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है। इस हकीकत को जानते हुए भी कि देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में तीस फीसदी शिकार दोपहिया वाहन चालक ही होते हैं, इस दिशा में लोग गंभीरता नहीं दिखाते।

विडंबना यह भी है कि बहुत से लोग हेलमेट लगाते भी हैं तो सस्ते, और उसे भी टशन में लगाने से बचते हैं। विश्वास किया जाना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीवन रक्षा की यह मुहिम रंग लाएगी। उम्मीद करें कि एक सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान को दोपहिया वाहन चालकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा।

निस्संदेह, दोपहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत की वजह हेलमेट न लगाना या फिर अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट ठीक से न पहनना होता है। कई लोग चालान से बचने के लिये औपचारिकता के लिए सस्ता हेलमेट पहन लेते हैं, जो पहनने के बावजूद बचाव नहीं कर पाता। या फिर गिरने की स्थिति में खुलकर अन्यत्र गिर जाता है। सवाल उठता है कि यातायात नियमों के अनुसार अनिवार्य होने के बावजूद लोग हेलमेट को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? ऐसी लापरवाही जिसकी कीमत उन्हें जान देकर चुकानी पड़ सकती है।

कुछ लोग जीवनपर्यंत विकलांगता के शिकार भी हो जाते हैं। फिर भी ऐसी लापरवाही समझ से परे है। एक हकीकत यह भी है कि यातायात पुलिस भी शुरू से ही ऐसी सख्ती नहीं दिखाती कि कोई बिना हेलमेट के वाहन न चला सके। एक संकट यह भी है कि पिछली सीट पर बैठी महिलाएं हेलमेट नहीं पहनती हैं। जबकि हादसे होने की स्थिति में वे भी शिकार बनती हैं। कुछ को अपने बालों के खराब होने की चिंता होती है। क्या जीवन से बड़ी कोई चीज हो सकती है?

लेकिन विडंबना यह कि तमाम प्रयासों के बावजूद हम हेलमेट पहनने को लेकर जिम्मेदारी का भाव जगाने में कामयाब नहीं हो पाते। एक आंकड़े के अनुसार, बीते साल तीस हजार लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। फिर भी हम हकीकत को नजरअंदाज करते हैं। उम्मीद है उत्तर प्रदेश सरकार की मुहिम रंग लाएगी।

# पंजाब में बाढ़ आखिर क्यों - क्या प्रकृति रुष्ट है?

## प्रकृति चेतावनी देती है, रुष्ट नहीं होती - असली वजह इंसानी लापरवाही और असंतुलित विकास





**पंजाब में बाढ़ को केवल प्राकृतिक आपदा कहना सही नहीं होगा। नदियों का स्वरूप, असामान्य बारिश और जलवायु परिवर्तन तो कारण हैं ही, लेकिन असली दोषी अनियोजित निर्माण, अवैध खनन, ड्रेनेज की उपेक्षा और धान-प्रधान कृषि पद्धति भी है। प्रकृति चेतावनी देती है, रुष्ट नहीं होती। यदि हम नदियों को उनका मार्ग दें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और फसल विविधिकरण अपनाएँ, तो बाढ़ की मार को कम किया जा सकता है। पंजाब को चाहिए कि वह पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर विकास की नई राह तय करे।**

**- डॉ प्रियंका सौरभ**

पंजाब, जिसे देश की अन्नदाता भूमि कहा जाता है, आज बाढ़ की विभीषिका से बार-बार जूझ रहा है। खेत जलमग्न हो जाते हैं, गाँव डूब जाते हैं, सड़कें और मकान ढह जाते हैं। हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर पंजाब में बाढ़ क्यों आती है? क्या यह केवल प्रकृति की रुष्टता है या फिर इसके पीछे कहीं न कहीं हमारी अपनी भूलें भी जिम्मेदार हैं? सच यह है कि प्रकृति कभी किसी से नाराज़ नहीं होती, वह केवल अपने नियमों और संतुलन के आधार पर काम करती है। जब हम इंसान उसकी मर्यादाओं को लांघते हैं, तो परिणाम हमें बाढ़, सूखा, प्रदूषण और आपदा के रूप में भुगतने पड़ते हैं।

पंजाब की धरती पाँच नदियों की भूमि कहलाती है। सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम ने इस राज्य की पहचान बनाई। इनमें से अधिकांश नदियाँ हिमालय से निकलती हैं और मानसून के मौसम में बर्फ़ पिघलने व वर्षा के कारण जलस्तर अचानक बढ़ा देती हैं। नदियों की धाराएँ तेज़ होती हैं और जब वे मैदानों में प्रवेश करती हैं तो पानी फैलकर बाढ़ का रूप ले लेता है। भाखड़ा, पोंग और रणजीत सागर जैसे बड़े बांध भले ही बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए बने हों, लेकिन जब इनसे अचानक पानी छोड़ा जाता है तो आसपास के इलाके जलमग्न हो जाते हैं। यह प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ प्रबंधन की कमी को भी उजागर करता है।

पिछले कुछ वर्षों में मानसून का पैटर्न काफी बदल गया है। पहले जहाँ बरसात धीरे-धीरे और लंबे समय तक होती थी, अब अचानक भारी वर्षा कम समय में हो जाती है। इससे नदियों और नालों में पानी का दबाव तेजी से बढ़ता है और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ना और ग्लोबल वार्मिंग इसका बड़ा कारण है। इससे हिमालयी ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों और बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर अनियंत्रित ढंग से बढ़ जाता है।

प्राकृतिक बाढ़ को विनाशकारी बनाने में सबसे बड़ी भूमिका इंसानी हस्तक्षेप की है। नदियों के किनारों और तलहटी में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। गाँव और शहर नालों व पुरानी जलधाराओं पर बस गए। रेत और बजरी का अत्यधिक खनन नदियों की गहराई और धार बदल देता है। जब पानी का मार्ग रुकता है तो वह आसपास की बस्तियों में घुस आता है। पंजाब में ड्रेन और नहरों का जाल तो है लेकिन अधिकांश जगह इनकी सफाई व मरम्मत समय पर नहीं होती। नतीजतन बारिश का पानी निकलने की जगह वापस गाँव-शहरों में भर जाता है। इसके साथ ही धान जैसी फसलों ने भूजल का अत्यधिक दोहन किया। मिट्टी की जलधारण क्षमता कम हुई और प्राकृतिक जलसंचयन तंत्र टूट गया।

पंजाब हरित क्रांति का केंद्र रहा। यहाँ गेहूँ और चावल की खेती ने देश को अन्न सुरक्षा दी, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी सामने आए। धान की फसल पानी की अत्यधिक मांग करती है।

हर साल लाखों ट्यूबवेल से भूजल निकाला गया। इससे भूमिगत जलस्रोत तेजी से सूख गए। जब ऊपर से भारी बारिश या बाढ़ आई तो जमीन उसे सोख नहीं पाई और जलभराव की समस्या बढ़ गई। वनों की कटाई और हरित क्षेत्र के सिकुड़ने से भी प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा। नदियों के किनारे पेड़ों की जड़ें पानी को रोकती और मिट्टी को बांधती थीं, लेकिन अब कटान तेज़ हो गया है।

पंजाब में बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक संकट भी है। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो जाती हैं। किसान कर्ज़ में डूब जाते हैं। ग्रामीण आबादी बेघर हो जाती है और पलायन के लिए मजबूर होती है। सड़कों, पुलों और बिजली के ढांचे को भारी क्षति पहुँचती है। बीमारियों का प्रकोप फैलता है, खासकर डायरिया, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियाँ। मानसिक आघात से समाज में असुरक्षा और हताशा की भावना पनपती है।

वास्तव में प्रकृति का कोई भाव नहीं होता। वह केवल संतुलन चाहती है। जब हम उसकी मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तब वह चेतावनी के रूप में बाढ़, सूखा या आपदा के रूप में सामने आती है। इसलिए यह कहना कि प्रकृति नाराज़ है, सही नहीं है। सच तो यह है कि इंसान ने प्रकृति को नाराज़ करने लायक हालात पैदा कर दिए हैं।

समाधान स्पष्ट हैं। नदियों के किनारे बाढ़ क्षेत्र को चिन्हित कर वहाँ निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। पुराने नालों और ड्रेनों की नियमित सफाई व चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए।

अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए ताकि नदियाँ अपने प्राकृतिक स्वरूप में बह सकें। धान के स्थान पर मक्के, दालों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए, जिससे पानी की खपत कम होगी और भूजल का स्तर सुधरेगा। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को बाढ़ से बचाव और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करना भी आवश्यक है।

पंजाब में बाढ़ का संकट केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं है। यह हमारी विकास नीतियों की असंतुलित दिशा का परिणाम है। यदि हमने अभी भी सबक नहीं लिया तो आने वाले वर्षों में बाढ़ और भयावह हो सकती है। प्रकृति हमें बार-बार चेतावनी दे रही है कि उसके साथ छेड़छाड़ मत करो। हमें याद रखना होगा कि प्रकृति से लड़ाई नहीं, बल्कि उसके साथ तालमेल ही स्थायी समाधान है। पंजाब में बाढ़ केवल आपदा नहीं, बल्कि हमारी नीतियों, आदतों और प्राथमिकताओं की परीक्षा है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3638

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3637 का हल

## लॉफिंग जोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3638

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की ‘एक रास्ता है जिंदगी’ गीत वाली फिल्म-२,३
४. ‘ये नैन डरे डरे’ गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. ‘पहला पहला प्यार’ गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की ‘रहने को घर नहीं है’ गीत वाली फिल्म-३
१०. ‘कुछ लोग मुहब्बत करके’ गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. ‘डाकिया रोज गली पर’ गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की ‘हम प्यार करने वाले’ गीत वाली फिल्म-२
१७. ‘थोड़ा है थोड़े की जरूरत’ गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की ‘मैंने कहा फूलों से’ गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. ‘डकैत’ में मीनाक्षी का नायक?-२
२२. फिल्म ‘परिंदा’ में ‘अन्ना’ के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. अमिताभ, जीनत की ‘ई है बंबई नगरिया’ गीत वाली फिल्म-२
२५. ‘बीती ना बिताई रैना’ गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की ‘झोंपड़ी में चारपाई’ गीत वाली फिल्म-३
२९. ‘कितना बेचैन होके’ गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की ‘मन मेरा तुझको मांगे’ गीत वाली फिल्म-३
३२. ‘तारे हैं बाराती’ गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. ‘कितना प्यारा वादा’ गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की ‘सुंदरा सुंदरा’ गीत वाली फिल्म-३
४. ‘देखा तुझे तो’ गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. ‘नजरें मिलीं दिल धड़का’ गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की ‘कभी मैं कहूँ’ गीत वाली फिल्म-२
११. ‘अबके बरस ये हाल है’ गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की ‘मिजाजे गिरामी दुआ है’ गीत वाली फिल्म-२
१३. ‘टक टका टक’ गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की ‘बिन साजन झूला झूलूँ’ गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म ‘शोला और शबनम’ की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की ‘पालकी में होके सवार’ गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की ‘देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा’ गीत वाली फिल्म-४
२४. ‘सजना साथ निभाना’ गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. ‘एक बेचारा प्यार का मारा’ गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3637

## सूडोकु - 3638

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3637 का हल

## शब्द पहेली - 3638

**बाएँ से दाएँ**

1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली - 3637 का हल

# विकास भवन के सभागार में एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का आयोजन





**गौतम बुद्ध नगर।** मुख्य विकास अधिकारी श्री शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार, गौतम बुद्ध नगर में पी.डी.आई. (PDI Verson 2.0) की समितियो के सदस्य, मॉडल ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में समस्त प्रतिभागियों को बताया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त जनपद स्तरीय विभाग अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि एल.एस. डी. जी. के नौ थीम के अनुरूप अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करते हुए योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर तक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाये।पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स इंडीकेटर्स के अनुसार अपने अपने विभाग से सम्बंधित बिंदुओं की निरंतर समीक्षा करने के साथ इंडीकेटर्स को अद्यतन भी करते रहे। प्रशिक्षण में जिला परियोजना प्रबंधक शकील द्वारा पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 इंडीकेटर्स को पोर्टल पर दिखाते हुए समझाया गया। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा एलएसडीजी की 9 थीमों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण के अंत में समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया गया।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा, धीरज शीलर एवं जिला परियोजना प्रबंधक मोहम्मद शकील उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. दीपक सिंह वरिष्ठ फैकल्टी एवं सहप्रबंधक हापुड़ द्वारा किया गया।

# जनपद में लागू हुआ 'नो हेलमेट नो फ्यूल'

**विशाल इंडिया संवाददाता**

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज से पूरे प्रदेश में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान की शुरुआत हो गई है।

इस अभियान के तहत अब पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट आए किसी भी व्यक्ति को ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को आगामी 30 सितंबर तक नियमित अभियान चलाकर हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) डॉ उदित नारायण पांडेय ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम के निर्देशों के क्रम में जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) कार्य कर रही है। पुलिस विभाग, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग मिलकर इसकी सघन निगरानी करेंगे। इसके अलावा पेट्रोल पंप स्तर पर खाद्य एवं रसद विभाग जिम्मेदारी संभालेगा, वहीं आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाएगा।

परिवहन विभाग के अनुसार, इस अभियान का मकसद किसी को दंडित करना नहीं है, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के दौरान हेलमेट पहनने की आदत को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके।

# विकलांगों के उपकरण बनाने वाली कंपनी में लगी आग

## फायर बिग्रेड 5 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना फेस-1 स्थित विकलांगों से संबंधित उपकरण बनाने वाली कंपनी में सुबह आग लग गई आग की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने भारी मशक्कत के बाद काबू पाया। लेकिन तब कंपनी मे रखा सारा समान जल कर खाक हो गया। आग में किसी के फंसे होने या हताहत होने की सूचना नहीं है फायर ब्रिगेड टीम आग लगने के कारणों और नुकसान का आंकलन करने में जुटी है। बता दे कि फायर बिग्रेड 5 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू पा लिया है। यह आग सेक्टर 7 के ई-9 स्थित गुप्ता ऑर्थो एड कंपनी लगी थी। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना सुबह 4: 30 बजे मिली पहले एक गाड़ी मौके पर



भेजी गई थी, बाद में भयावता को देखते हुए चार गाड़ियां और भेजी गई और आग को फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने भारी मशक्कत के बाद दो घंटे में आग पर काबू कर लिया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिस समय कंपनी में आग लगी, कोई मौजूद नहीं था इसलिए किसी के फंसे होने और हताहत होने की सूचना नहीं है।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ , एक गिरफ्तार

- एक बाल अपचारी हिरासत में
- कब्जे/निशानदेही पर चोरी की 18 मोटरसाइकिल/ स्कूटर/ स्कूटी/ ऑटो बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

नोएडा संवाददाता, थाना फेस वन पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त अनुज शर्मा पुत्र किशनस्वरुप शर्मा निवासी ग्राम जाडोल थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर को सेक्टर 8 नर्सरी गेट से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।जबकि मौके से फरार हुए बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे/ निशानदेही पर पुलिस ने नोएडा, दिल्ली एनसीआर से चोरी की गई कुल 18 मोटरसाइकिल/ स्कूटर/स्कूटी/ऑटो और एक चाकू बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिल/ स्कूटर/ स्कूटी/ ऑटो में से 12 मोटरसाइकिल/ स्कूटर/ स्कूटी/ ऑटो के संबंध में नोएडा व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में भिन्न-भिन्न थानो पर अभियोग पंजीकृत है। उक्त अभियुक्त व बाल अपचारी जो नोएडा एनसीआर की कॉलोनियों/सोसाइटियों व कम्पनी से वाहन चोरी की वारदात करने में माहिर है। उक्त गैंग पहले क्षेत्र में आकर रैकी करता है तथा रैकी करने के उपरान्त कम्पनी व फैक्ट्री तथा पार्क के आस-पास खड़ी मोटरसाइकिल व स्कूटी/स्कूटर का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। फिर वाहन चोरी करने के बाद वाहन को कही भी गली मोहल्ले/सेक्टरों आदि में खड़ा करके चले जाते है एवं कुछ दिन बाद ग्राहक न मिलने पर वहां से मोटरसाइकिल/स्कूटी को उठाकर एक



जगह इक्ठ्ठा कर लेते है। उक्त अभियुक्त व बाल अपचारी द्वारा चोरी की गयी मोटरसाइकिल/स्कूटी/स्कूटर को एफ ब्लॉक सेक्टर-8 में खाली पड़ी जगह पर छिपाए हुए थे एवं समय-समय पर चोरी के वाहन को इक्ठ्ठा करने वाली जगह को बदलते रहते है और बाद में मौका पाकर मोटरसाइकिल/ स्कूटी/ स्कूटर को सस्ते दामों में बेच देते थे और चोरी के वाहनो को बेचकर मिले पैसो से अपना खर्चा चलाते है। इस तरीके से अभियुक्त व बाल अपचारी के द्वारा नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से करीब दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल/ स्कूटर/ स्कूटी/ ऑटो चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध 21 एवं बाल अपचारी के विरुद्ध 11 आपराधिक मुकदमे विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# 25 हजार के इनामी लूटरे और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़, पैर में गोली लगने से बदमाश घायल

**वकार सैफी विशाल इंडिया**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस और 25 हजार के इनामी बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी शातिर किस्म का लूटेरा और मोबाइल स्नैचर है। उसके कब्जे से एक मोबाईल सैमसंग ग्लेक्सी एस 24, एक अवैध तमन्चा कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

बता दे कि पुलिस टीम के साथ सैक्टर 44 जंगल की के पास हुए मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान समीर पुत्र सलाउद्दीन के आरपी में हुई है। डीसीपी नोएडा ने बताया कि सैक्टर 44 के गेट नंबर एक के सामने सर्विस रोड पर थाना सेक्टर 39 की पुलिस चैकिंग कर रही थी, उसी दौरान अमेठी गोलचक्कर की तरफ



से एक बाइक पर सवार आता दिखाई दिया। पुलिस को देख सैक्टर 96 अंडरपास की तरफ तेज गति से भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर बदमाश को सैक्टर 44 जंगल के पास घेर लिया, बदमाश ने खुद को घिरा देख पुलिस पर फायर कर भागने लगा. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नोएडा के डीसीपी ने बताया की प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि घायल समीर 25 हजार का इनामी है, थाना सेक्टर 39 के का वांछित अपराधी है। उसके कब्जे से थाना सैक्टर 20 क्षेत्र से लूटा हुआ मोबाईल सैमसंग ग्लेक्सी एस 24, एक अवैध तमन्चा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई है. समीर को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर, पुलिस इनके अपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है।

# नोएडा में बच्ची को जंगल में ले जाने का प्रयास

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 स्पाइस मॉल के पीछे लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोप है कि वह व्यक्ति एक बच्ची को झाड़ियों में लेकर जा रहा था। पकड़े जाने पर उसने भगने का प्रयास किया। लोगों ने उसकी पिटाई की। पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी पहचान सुशील के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 45 साल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि निठारी में रहने वाले आरोपी अपने घर के सामने रहने वाली महिला को काम पर छोड़कर उसकी बेटी को अपने साथ लेकर आ रहा था। बताया गया कि वो बेटी घर छोड़ने की बजाय स्पाइस मॉल के पीछे जंगल में ले जाने लगा। संदिग्ध लगने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। बच्ची से बातचीत की। इसके बाद आरोपी की स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी।

# पुलिस ने 15,000 रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**नोएडा।** थाना फेस थ्री पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त सलीम खान पुत्र इकरार खान निवासी ग्राम बहादुरपुर कच्छार तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज वर्तमान पता पंचशील ग्रीन-2 टॉवर बी-1 थाना बिसरख को सहारा कट सैक्टर 64 नोएडा से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उपरोक्त अभियुक्त थाना फेस थ्री पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 304/ 2025 धारा 316 (2)/318(4)/351(2)/316(5) बीएनएस के तहत वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गौरतलब है कि थाना फेस थ्री पर 26 जुलाई 2025 को मुकदमा उपरोक्त के वादी द्वारा अभियुक्त सलीम खान व अन्य के विरुद्ध आपराधिक षडयंत्र के तहत फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा कर्मचारियों को सैलरी देने के नाम पर वादी से पैसा ले लिया था। और ठेकेदार/कर्मचारियो को सैलरी न देकर सैलरी का पैसा करीब 26 लाख रुपये हड़प लेने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# किसानों की मांगों पर यमुना प्राधिकरण का आश्वासन



## 15 सितंबर तक समस्याओं का समाधान, जल दोहन रोकने का भी वादा

**जेवर।** यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने सोमवार को रबूपुरा के धरना स्थल पर आंदोलनरत किसानों से मुलाकात की। दोपहर 12 बजे से 3: 30 बजे तक चली वार्ता में अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर विचार-विमर्श किया।

प्राधिकरण की ओर से अजय शर्मा (ओएसडी), बी.पी. सिंह और सुभाष चंद्र वार्ता में शामिल हुए। विशेष जेई, एसीपी जेवर और कोतवाल रबूपुरा भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने 15 सितंबर से पहले अधिकतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे जल दोहन को रोकने का भी वादा किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में चल रहे धरने में ओमवीर सिंह भाटी, उदयभान, प्रताप नागर, अहमद खां, नरसिंह पाल मीणा, अशोक तोमर, गज़ब सिंह, महेंद्र सिंह और सगीर खां सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। किसान नेताओं ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा।

# नोएडा में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी निर्माणाधीन मकानों से बिजली के तार चोरी करते थे। पुलिस एमटेक कंपनी के सामने चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तिलपता गोलचक्कर की तरफ से बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आए। पुलिस ने रोकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान अनुज और सलाउद्दीन उर्फ टिल्लू के रूप में हुई है। अनुज मेरठ का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली में रहता है। सलाउद्दीन मेरठ के इंचौली का रहने वाला है और अभी कुलेसरा में रह रहा है। पुलिस ने दोनों से दो तमंचे, कारतूस और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। इनके पास से 25 किलो तांबे का तार भी मिला है। पूछताछ में पता चला कि यह तार एक निर्माणाधीन मकान से चुराया गया था, जिसे बेचने जा रहे थे।

# निक्की हत्याकांड में घरवालों के बयान दर्ज

## पिता, बेटे और भाई से अलग-अलग पूछताछ, अब तक नहीं मिला मोबाइल, सीबीआई जांच की मांग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड की जांच के लिए रविवार को पुलिस की टीम पहुंची। इसमें 10 पुलिसकर्मी शामिल थे। उन्होंने निक्की के परिजनों से अलग-अलग बयान लिए। सबसे पहले निक्की के पिता और फिर भाई और बेटे से पूछताछ की गई। करीब 1 घंटे तक छानबीन करने के बाद टीम वापस लौट गई।

निक्की की मौत के बाद उसकी बहन ने निक्की के पति विपिन, सास दया, ससुर सतवीर, जेठ रोहित समेत चार के खिलाफ दर्ज कराई है।

### अब जानिए कौन से-कौन से सवाल पूछे गए थे और घरवालों ने क्या जवाब दिए

पुलिस ने भिकारी सिंह से पूछा कि निक्की को आग लगाकर घायल होने के बाद आप कब पहुंचे थे। निक्की को अस्पताल लेकर कौन-कौन गया था। अस्पताल में कोई बयान दिया गया या नहीं। निक्की के पिता भिखारी सिंह ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे थे



तो निक्की बोलने की हालत में नहीं थी। उनके परिवार के लोग ही अस्पताल लेकर गए थे।

इसके बाद पुलिस ने निक्की के भाई और बेटे से बयान लिये। सभी के बयानों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

### अब तक तक नहीं मिला मोबाइल

निक्की का मोबाइल अब भी नहीं मिला है। कंचन जब घर से निकली तो उसके पास एक बैग था। बैग में मोबाइल वो अपने साथ लेकर गई थी या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। कंचन से पूछताछ के बाद ही जानकारी मिल सकेगी। हालांकि विपिन के चाचा के लड़के देवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि कि जब वह अस्पताल जा रहा था। उस समय निक्की का मोबाइल उसके पास था या नहीं ये बात उसे मालूम नहीं है। अस्पताल में विपिन की मां, पिता के अलावा बाद में रोहित भी पहुंचा था।

### मामले की सीबीआई जांच हो

आरोपी विपिन के परिजन, ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने रविवार को बैठक की। इसके बाद सभी लोग कासना कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी से मिलकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। घटना की सीबीआई से जांच कराने की अपील की।

परिजन ने पुलिस से कहा कि घटना के वक्त विपिन, उसकी मां, पिता सतवीर, जेठ रोहित घर के बाहर थे। रोहित तो सिरसा स्थित टोल प्लाजा के पास ड्यूटी पर था। विपिन भी घर के बाहर दुकान के पास बैठा था। विपिन की मां और पिता भी घर के बाहर थे। ऐसे में वह कैसे घर में पहुंचकर आग लगा सकते हैं।

# शार्ट न्यूज

## दनकौर में प्रॉपर्टी डीलर पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक प्रॉपर्टी डीलर पर रविवार रात हमला हुआ। मिलक गांव के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर रणबीर पर उन्हीं के गांव के 6 लोगों ने हमला किया। घटना रविवार रात की है। रणबीर दनकौर कस्बे से अपने गांव लौट रहे थे। कस्बे के बाहरी हिस्से में पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उनकी कार रोकी। इसके बाद मनीष, आशीष, नवीन, प्रिंस, शिवम और वीरेंद्र ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रणबीर को चोटें आई। परिजन उन्हें पास के अस्पताल में ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के कारण हमला किया। सोमवार शाम पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## नोएडा में खाते से निकाले गए 44 लाख

**नोएडा।** बेटी की शादी के लिए जमीन बेचकर बैंक में जमा रकम साइबर अपराधियों ने निकाल ली। मोबाइल हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार का दावा है कि उसने बैंक और खाता संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं की। इसके बावजूद उसके साथ 44 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के खाते से साइबर अपराधियों ने 20 से अधिक बार में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। बैंक से रकम निकालने गए दुकानदार को खाता खाली मिलने पर अपने साथ ठगी होने का पता चला। जिन खातों में ठगी की रकम गई है पुलिस ने उनकी जांच करनी शुरु कर दी है। सेक्टर 141 के शाहदरा गांव निवासी कालीचरण ने बताया कि वर्तमान में वह प्लास्टिक का सामान बेचने की दुकान करते हैं। उनकी पांच बेटियों में से दो की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर की बेटी की शादी के लिए वह लंबे समय से रिश्ता देख रहे थे।

## ग्रेटर नोएडा में मेडिकल कर्मी के खाते से 50 हजार रुपये गायब, यूपीआई पासवर्ड भी बदला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है। मेडिकल विभाग में कार्यरत संजीव नागर के बैंक खाते से 50 हजार रुपये गायब हो गए। सलारपुर गांव के रहने वाले संजीव ने रविवार को किसानों से संबंधित एक ऐप डाउनलोड किया था। ऐप डाउनलोड करने के कुछ समय बाद उनका फोन हैंग हो गया। इसके बाद उनके यूपीआई पासवर्ड अपने आप बदल गए और खाते से रकम गायब हो गई। साइबर ठगों ने संजीव के फोन से कॉन्टैक्ट लिस्ट भी चुरा ली। आरोपियों ने उनके परिचितों को व्हाट्सएप मैसेज भी भेजे। पीड़ित ने सोमवार शाम को दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दनकौर के वॉरियर्स क्लब का प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गगन पब्लिक स्कूल में आयोजित सेकंड एनसीआर कराटे चैंपियनशिप में दनकौर के वॉरियर्स फिटनेस एंड फाइटर क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्लब के 17 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने कुल 17 मेडल जीते, जिनमें 10 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में अथर्व शिंग, रितिष्का मौर्य, मयंक नागर, नंदनी शर्मा, निशि, लव, केशव, पुनीत, निखिल और हिमांशु भाटी शामिल हैं। रजत पदक नवनया शिंग, अक्ष, रियांश कुमार, ठाकुर देवा सिंह और रूबी ने जीते। कांस्य पदक यदु और इशान के नाम रहे। प्रतियोगिता के बाद क्लब में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। क्लब के कोच कपिल नागर ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से न केवल अकैडमी का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## नोएडा में निवेश के नाम पर 40.50 लाख ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में तीन गुना मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के साथ 40.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने एजेंल वन कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पीड़ित को 15 दिन प्रशिक्षण दिया और ऐप पर खाता खुलवाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए पुलिस ने संबंधित बैंक के अधिकारियों से संपर्क किया है। एक कंपनी से सेवानिवृत्त सूर्यमोहन धर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शेयर बाजार में निवेश करते रहते हैं। दो जुलाई को सानिया गोखले नाम की महिला ने वॉट्सऐप पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया। उसने खुद को एंजेल वन कंपनी के सीइओ अंबरीश खेंग का कथित प्रतिनिधि बताया। सानिया ने शिकायतकर्ता से कहा कि अगर वह उसके बताए अनुसार शेयर मार्केट में निवेश करे तो तीन गुना तक मुनाफा कमाया जा सकता है। इसके बाद सूर्यमोहन को एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में 136 सदस्य पहले से ही थे।

## ग्रेटर नोएडा में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा का वर्णन



**ग्रेटर नोएडा।** एकल श्रीहरि बनवासी फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री पीपल महादेव मंदिर, डेल्टा 1 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर साध्वी प्रीति पाराशर जी ने शाम 4 से 7 बजे तक कथा सुनाई। कथा में पूतना उद्धार, नामकरण संस्कार, बाल लीला, गौ-चारण लीला और गोवर्धन पूजा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। साध्वी जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सात दिन तक मूसलाधार बारिश से रक्षा की। इंद्र के क्षमा मांगने पर श्रीकृष्ण ने पर्वत नीचे रखा और ब्रजवासियों को प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा का आदेश दिया। कथा में गौ-चारण लीला और गोपाष्टमी के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

## सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित, लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील ग्रीन्स दो सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित होने से निवासी परेशान हैं। सोसाइटी में रविवार से बिजली की समस्या बनी हुई है,जिसका हल सोमवार को भी नहीं किया गया। आरोप है कि सोमवार सुबह बिल्डर प्रबंधन द्वारा डीजी का संचालन में नहीं किया गया। निवासियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 2 घंटे के लिए सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसके कारण लोगों को अपने दफ्तर और बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार होने में परेशानी हुई। साथ ही, लिफ्ट का संचालन भी इस दौरान बंद रहा है। रवि ने बताया कि बार-बार लाइट जाने की समस्या का सिलसिला पूरे दिन चला। देर शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली नहीं आने के कारण डीजी का संचालन किया गया। वहीं, इस समस्या का समाधान देर रात तक भी बिल्डर द्वारा नहीं किया गया। आरोप है कि बरसात के समय में बिजली पैनल में नमी आने का खतरा बना रहता है, जिसको लेकर बिल्डर प्रबंधन द्वारा पहले से सावधानी या मेंटेनेंस नहीं किया जाता है। सोसायटी के बिजली पैनल में नमी आने के कारण फाल्ट हो गया, जिसकी वजह से घरों की बिजली कट गई।

# पीलीभीत में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से मचा हाहाकार

## शहर तालाब में तब्दील, मंत्री संजय सिंह गंगवार का औचक निरीक्षण, ई ओ को सस्पेंड करने के आदेश

**पीलीभीत।** लगातार दो दिन से हो रही तेज बारिश ने पीलीभीत शहर को जलमग्न कर दिया है। मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों और सरकारी दफ्तरों तक पानी भर गया है। हालात ऐसे हैं कि पूरा शहर मानो तालाब में तब्दील हो गया हो।

शहर के मोहल्ले और दफ्तर बने जलभराव के शिकार। गैस चौराहा, मोहल्ला नकाशा, दूधिया मंदिर रोड, मोहल्ला शेर मोहम्मद, छोटी मार्केट, शेरो वाली मठिया, शाहजी मियां रोड, मुनीर खां, जुगनू का पकड़, गुलाबी खेत, आवास विकास, हाथी खाना, फीलखाना, गहौनिया चौराहा, स्टेशन रोड और मोहल्ला गौड़ी समेत तमाम इलाके पानी-पानी हैं। स्थिति इतनी





गंभीर है कि नगर पालिका कार्यालय, एआरटीओ ऑफिस, सूचना विभाग और जिला अस्पताल तक में पानी भर गया है। इससे आम जनता के साथ-साथ जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हो गई हैं। मंत्री संजय सिंह गंगवार का औचक दौरा। बारिश से बिगड़े हालात को देखते हुए मा. राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश शासन) संजय सिंह गंगवार सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण पर निकले। उन्होंने पीलीभीत बैंकट हॉल, ओमलान और कई प्रभावित स्थानों पर जाकर जलभराव की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिशासी अधिकारी (ई ओ) पर नाराज़गी जताई और जिलाधिकारी से सख्त लहजे में कहा 'ईओ कौन है? इन्हें तुरंत सस्पेंड करो।'

मंत्री श्री गंगवार ने नगर पालिका को तत्काल जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था करने, नालों की सफाई कराने और पंपिंग सेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि जनता की परेशानी के समय प्रशासनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जनजीवन ठप, जनता राहत को तरसी लगातार बारिश से सड़कों पर जाम, मोहल्लों में जलभराव और अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल है। दुकानदारों के सामान भीग गए हैं, घरों में पानी घुसने से लोगों को पलायन तक करना पड़ रहा है।शहरवासी अब इंतजार कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द राहत कार्य तेज करे और उन्हें इस मुसीबत से बाहर निकाले।

# दबंगों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर किया हमला, पत्नी के सामने पति की हुई मौत - शव पर भी किया पथराव

**पीलीभीत।** जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम अलियापुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के ही कुछ दबंगों ने घर में घुसकर एक दंपत्ति पर जानलेवा हमला कर दिया।इस घटना में पति को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पत्नी ने थाना प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थिनी सुनीता देवी पत्नी जितेंद्र कुमार ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 29 अगस्त 2025 की रात करीब 8 बजे वह अपने पति जितेंद्र कुमार (उम्र लगभग 30 वर्ष) के साथ घर पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव के ही मैंकू लाल पुत्र भूपराम, लालता प्रसाद पुत्र भूपराम, वीरेन्द्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद और अजय कुमार पुत्र नेवाराम एकराय होकर उनके घर पर आ धमके। आरोप है कि दबंगों ने गेट तोड़कर घर में प्रवेश किया और गालियां देते हुए जितेंद्र कुमार को पेट में लात-घूसों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पर सुनीता देवी को भी मारपीट का शिकार होना पड़ा। गंभीर चोट लगने के कारण जितेंद्र कुमार के मुंह से खून आने लगा और उनकी हालत बिगड़ गई।परिजनों ने घायल जितेंद्र को तत्काल बरेली अस्पताल ले जाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

लखनऊ के डॉक्टरों ने बताया कि उनके पेट में गंभीर चोटें हैं और बचना मुश्किल है। आखिरकार, इलाज के दौरान 31 अगस्त 2025 को शाम करीब 5 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुनीता देवी ने आरोप लगाया है कि पति की मौत के बाद जब शव घर लाया गया, तब भी आरोपी बाज नहीं आए और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

आरोपियों ने यह तक कह डाला कि जो बचेंगे, उन्हें भी जान से मार देंगे। सुनीता देवी ने बताया कि वह स्वयं एक विकलांग महिला हैं और उनके दो छोटे-छोटे बच्चे (उम्र 4 व 9 वर्ष) हैं। पति की मौत और आरोपियों की धमकियों के कारण पूरा परिवार गहरी दहशत में है।

पीड़िता ने थाना प्रभारी निरीक्षक बरखेड़ा को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महावन में सब्जी लेने गई महिला की करंट से मौत

**मथुरा।** मथुरा के महावन थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत शाम उस समय अफरातफरी मच गई, जब पैंठ में सब्जी लेने आई एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों में रोष देखने को मिला।

कस्बा चौक बाजार निवासी श्यामवती पत्नी कालीचरण पाठक (उम्र 60 वर्ष) रविवार शाम कस्बा स्थित पैंठ में सब्जी लेने गई थीं। बताया जाता है कि पैंठ में बने लोहे के फाटक को उन्होंने सहारा लिया। तभी अचानक फाटक में करंट दौड़ गया और वह गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना से वहां मौजूद लोग घबरा गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी।

परिजन मौके पर पहुंचे और घायल श्यामवती को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पैंठ के गेट पर लगे फाटक के ऊपर से विद्युत केबल गुजर रही है। केबल से रिसाव होने की वजह से फाटक में करंट आ गया और हादसा हो गया।

# कानपुर में जाम में फंसे 2 मरीजों की मौत

**कानपुर।** कानपुर में 2 किलोमीटर लंबे जाम में फंसकर 2 मरीजों की मौत हो गई। सचेंडी पुलिस सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग को गाड़ी से हैलट अस्पताल ले जा रही थी। हैलट पुल पर गाड़ी जाम में ?फंस गई।25 मिनट में तड़प-तड़प कर घायल की मौत हो गई।

पुलिस की गाड़ी जाम में जहां फंसी, वहां से हैलट अस्पताल की दूरी महज 400 मीटर है।इस दूरी को तय करने में 25 मिनट लग गए। वहीं शुक्लागंज निवासी मुन्ना के सीने में दर्द था। परिजन उन्हें आटो से लेकर कॉर्डियोलॉजी अस्पताल ले जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे स्वरूप नगर थाने के आगे एलएलआर मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो जाम में फंस गई।

करीब 30 मिनट तक वह दर्द से तड़पते रहे। परिजन उनके सीने पर हाथ फेरते हुए दिलासा देते रहे। मगर अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। ऑटो जहां फंसा वहां से कॉर्डियोलॉजी अस्पताल की दूरी करीब 1 किमी है। इस दूरी को तय करने में करीब 30 मिनट का समय लगा।

# जलभराव से बेहाल लोग, बरखेड़ा विधायक ने किया प्रभावित गांवों का निरीक्षण

## घरों तक पहुंचा पानी, कीचड़ से बिगड़े हालात; अधिकारियों को दिए राहत कार्य तेज करने के निर्देश

**पीलीभीत।** लगातार भारी बारिश ने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांवों और कॉलोनियों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सोमवार को विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने खुद क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। विधायक सबसे पहले गैबोज और लदपुरा पहुंचे, जहां दर्जनों घरों में पानी भर गया था। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिनों से लगातार बारिश होने के कारण गलियों और घरों में पानी घुस आया है। महिलाओं और बच्चों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई घरों का सामान भी पानी में भीगकर खराब हो



गया है।इसके बाद उन्होंने माला कॉलोनी, कंजा हरैया, गोयल कॉलोनी, दियुरा और दियुरी गांवों का निरीक्षण किया।इन क्षेत्रों में जलभराव के कारण सड़कें तालाब जैसी नजर आ रही थीं। कीचड़ और फिसलन से लोगों को चलने-फिरने में काफी दिक्कतें आ रही थीं। कल्याणपुर में तो कई परिवारों ने अपने घरों से बाहर निकलकर रिश्तेदारों के यहां शरण ले ली। भ्रमण के दौरान विधायक ने अधिकारियों से बात की और तुरंत राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को सक्रिय होकर जनता की मदद करनी होगी।

जहां भी जरूरत हो, वहां पंप लगाकर पानी निकाला जाए और सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

इस मौके पर डॉक्टर बांकेलाल गंगवार, बबलू कश्यप, कार्यालय प्रभारी हरेंद्र कुमार और कमलेश कुमार गंगवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## शार्ट न्यूज

### रेप के बाद हत्या, आरोपी का एनकाउंटर

**अयोध्या।** अयोध्या में 19 साल की दलित लड़की से रेप और हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में पकड़ लिया है। आरोपी राजीव यादव के पैर में गोली लगी है। पुलिस रविवार को उस जगह जांच करने पहुंची थी, जहां लड़की का शव मिला था। आरोपी पहले से वहीं बैठा था। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। इसी दौरान उसने दरोगा की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राजीव ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी का लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन हाल ही में उसे जानकारी मिली थी कि लड़की की शादी दिल्ली के एक युवक से तय हो गई है। इससे खफा होकर 30 अगस्त को उसने लड़की को मिलने के बहाने बुलाया और रेप करने के बाद उसके सलवार से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### लखनऊ में ऑटो चालक की दिनदहाड़े हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में ऑटो चालक की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी को हत्या करते देख ग्रामीण मौके पर दौड़ते हुए पहुंच गए। जब तक लोग पहुंचते तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। वारदात गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उन्मेदखेड़ा मोड़ पर की गई। मृतक की पहचान गादियाना निवासी पवन के रूप में हुई है। आरोपी मोहित उसी के गांव का रहने वाला है। लोगों आता देख मोहित भागने लगा लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- पवन की हत्या उसके ऑटो में ही की गई। वह ऑटो लेकर घर से निकला था। उसे रास्ते में मोहित मिल गया। मोहित सड़क पर काफी देर से टहल रहा था। उसने ऑटो देखा तो उसके सामने आकर जबरदस्ती रुकवा लिया और पवन पर हमला कर दिया। जब तक लोग पहुंच पाते तब तक में मोहित गला रेतकर भागने लगा। मृतक पवन दोनों पैर से दिव्यांग था।

### मुरादाबाद के रेस्टोरेंट में फायरिंग-तोड़फोड़

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में रविवार रात दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। रेस्टोरेंट में सरेआम फायरिंग और तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। यहां से बाहर निकलने के बाद भी दबंगों ने हाईवे पर फायरिंग की। वारदात दिल्ली रोड स्थित स्पाइस लाउंज एंड बार की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक आरोपी भाग चुके थे। 10 दिन पहले भी इसी बार में भाजपा एमएलसी गोपाल अंजान के बेटे ने भी दोस्तों के साथ मिलकर तोड़फोड़ की थी। पूरी घटना स्पाइस रेस्तरां एंड बार में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस ने ये सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर अपने कब्जे में ले लिया है। फुटेज में दिख रहा है कि ग्राहकों से कहासुनी के बाद बार के स्टाफ ने भी ग्राहकों को बेरहमी से पीटा है। पुलिस बार के स्टाफ से पूछताछ कर रही है।

### पूरनपुर तहसीलदार पर भ्रष्टाचार का आरोप

**पीलीभीत।** पीलीभीत की पूरनपुर तहसील के तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी को बीसलपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कार्रवाई वकीलों द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद की गई। शनिवार को पूरनपुर में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों का कहना था कि पट्टेदारों को पांच साल बाद भी भूमिधरी का अधिकार नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना सुविधा शुल्क के प्रशासनिक काम नहीं हो रहा था। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना और उपाध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में वकीलों ने आंदोलन किया। वकीलों ने सोमवार से न्यायालयों में हड़ताल की घोषणा की थी। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तहसीलदार का तबादला कर दिया। उनके स्थान पर आशीष गुप्ता को नया तहसीलदार बनाया गया है।

### पिता-पुत्र समेत तीन को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के जानसठ थाना क्षेत्र के राजपुर कला गांव में दलित परिवार पर हुए हमले के मामले में कोर्ट ने सख्त फैसला सुनाया है। विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने सोमवार को तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक पर 35 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया। 14 फरवरी 2023 को पुरानी रंजिश के चलते मोहित, उसके पुत्र राजेंद्र और साथी वीरेंद्र ने संजीव बाल्मीकि के घर पर हमला कर दिया था। पिस्टल और बंदूक से की गई फायरिंग में संजीव की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, उनके तीन बच्चे मोहित, शीर्ष और वंदना गंभीर रूप से घायल हुए थे। न्यायाधीश आशा रानी सिंह की अध्यक्षता में हुई सुनवाई में तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

# आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

## फिजियोथेरेपी कक्ष, श्रवण कक्ष और उपकरणों की की गई जांच, दिए आवश्यक निर्देश

**पीलीभीत।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने सोमवार को आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, पीलीभीत का निरीक्षण किया। लगातार बारिश से जलभराव की स्थिति होने के बावजूद प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के साथ केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने फिजियोथेरेपी कक्ष, श्रवण कक्ष और वर्कशॉप से संबंधित उपकरणों की जांच की।



साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग बरेली मंडल संगीता सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, एमआई/समन्वयक सुखवीर सिंह भदौरिया, कार्यालय के अधिकारी और पुनर्वास केंद्र के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# अति प्राचीन श्री पवहारी बाबा रामलीला ट्रस्ट यूसुफपुर की बैठक सम्पन्न


**गाजीपुर।** अति प्राचीन रामलीला ट्रस्ट यूसुफपुर गाजीपुर का आज दिनांक-31-8-25 को राम चबुतरा पर एक बैठक आहुति की गयी। सव प्रथम श्री पंचम सिंह अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारम्भ हुआ।बैठक में उपस्थित ग्राम वासियों व समिति के समक्ष कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र नाथ सिंह द्वारा कोष का बिवणन प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित गणमान्य जन द्वारा सर्वसहमति प्रदान किया गया। और इस वर्ष रामलीला के सफलता पूर्वक सम्पन्नता हेतु होने वाले दो लाख साठ हजार रुपये ब्यय पर होनें वाले महत्वपूण अर्निंग हेतु ग्राम सभा के सम्भ्रांत सर्व समाज के 200 परिवार जनों से चन्दा धनराशि 1000 रुपये देने हेतु उपस्थित ग्राम वासियों के समस्त कार्यकारिणी के द्वारा रखा गया जिसे सव ?सम्मति हें सभी उपस्थित जनों नें हुंकार भरी। और इस वर्ष रामलीला का मंचन 20 सितम्बर से प्रारम्भ कर 2 अक्टूबर को दशहरा मेला कर सम्पन्न किया जायेगा। बैठक में मुख्य उपस्थित रामबदन सिंह (ब0 उपाध्यक्ष) अजय प्रताप सिंह (महामंत्री) वीरेन्द्र सिंह (कोषाध्यक्ष) अवधनारायण सिंह मूरहू (आडिटर) जनार्दन सिंह सवोदय (मंत्री) उदयभान सिंह (डायरेक्टर) विपीन दुबे (मंच संचालक) राजेश जायसवाल (मीडिया प्रभारी) काली प्रसाद दुबे प्रभूनाथ सिंह (सेवा निवृत प्रधानाचार्य) अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहें।

# पाली चेयरमैन ने राज्यपाल के समक्ष रखी श्री नीलकंठेश्वर मन्दिर कॉरिडोर की मांग

## पान किसानों आदिवासी कामगारों के हितार्थ रखी मांग

**ललितपुर।** पाली विगत रोज पूर्व जिले में आयीं यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से पाली नगर पंचायत अध्यक्ष ने उनसे भेंट कर अपना एक मांग पत्र ज्ञापन दिया । जिसमें यहां टूरिज्म प्लान के साथ श्री नीलकंठेश्वर मन्दिर के कॉरिडोर की मंग सहित अन्य प्रमुख मांग रखी । ऐसे में अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही यहां के आस्था एवं पर्यटन के क्षेत्र पर्यटन के नक्शे में अपना अलग ही आयाम स्थापित करेंगे । गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं है , जिसके लिए प्रदेश सरकार पर्यटन विभाग के साथ एक बड़ा काम भी कर रही है लेकिन इन सबके बीच जिला मुख्यालय ललितपुर से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर कस्बा पाली में पुरातत्व विभाग की जो संरक्षित धरोहरें है उनको लेकर विभागीय ध्यान अभी भटका हुआ है । जानकारी के लिए बता दे कि विंध्याचल की वादियों में स्थापित भगवान भोलेनाथ का श्री नीलकंठेश्वर धाम , पहाड़ों में उकरी रॉककट भगवान नरसिंह प्रतिमा , प्राचीन नगरी दूधई के भगवान शिव , भगवान विष्णु के मंदिर के साथ यहां भगवान आदिनाथ विराजित है , जिनकी महिमा किसी से छिपी नहीं है ।

इसके साथ पाली से महज दस किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ों से गिरता च्यवन जलप्रपात बरसात के मौषम में सैलानियों को अपनी ओर यूँ ही आकर्षित करता है । च्यवन आश्रम जिसे ऋषि च्यवन की कर्मस्थली के रूप में भी बड़ी पहचान है । बरसात में




विंध्याचल के पहाड़ों से गिरते झरने सैलानियों में एक अलग ही अनुभूति व स्फूर्ति प्रदान करते है । श्री नीलकंठेश्वर मन्दिर की सीढियो से बहता पानी जब गिरता तो मानो ऐसे लगता है जैसे भगवान शिव की जटाओं से गंगा बह रही हो । पाली क्षेत्र में आस्था के साथ पर्यटन के कई और भी महत्वपूर्ण धरोहरें है , जिन्हें सही तरीके से तलाशने व तराशने की बहुत ही जरूरत है ।

यूँ तो यहां हर रोज श्रदालू व सैलानियों का आना- जाना बना रहता है ऐसे में अगर यहां सुविधाओ का विस्तार हो जाए तो यह क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करेंगे ।

इन प्राचीन धरोहरों का विकास हो इसके लिए पाली नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी ने विगत रोज यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से एक भेंट कर अपना मांग पत्र सौपा । जिसके माध्यम से बताया कि यहां की धरोहरों को एकत्रित कर टूरिज्म प्लान तैयार किया जाए साथ ही श्री नीलकंठेश्वर मंदिर कॉरिडोर का निर्माण हो ।वहीं पान किसानों की बात रखते बताया कि कस्बे में करीब 200 परिवार पान की खेती करते है लेकिन बसों के संचालन बंद रहने से उनका पान समय से अपनी मुख्य मंडियों तक नहीं पहुंच पाता , जिसके चलते पान किसानों को अपनी उपज का बाजिव दाम नहीं मिल पाता । सुविधाओं के अभाव में किसानों का पान की खेती से मोहभंग हो रहा है । आदिवासियों एवं कामगारों की मांग रखते बताया कि जंगलो पर आश्रित रहने वाले इन लोगों से जंगल लगातार दूर होते जा रहे है इसके साथ ही जो जड़ीबूटी अन्य जंगली सामग्री वह अपने जीविकोपार्जन के लिए कड़ी मेहनत कर लाते है उनका बाजार में सही दाम उनको नहीं मिल रहा है ।ऐसे में नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी ने जो राज्यपाल महोदया को ज्ञापन दिया और इस पर सही तरीके से गौर फरमाया गया तो ललितपुर के पाली की प्राचीन आस्था एवं पर्यटन की धरोहरें पर्यटन के नक्शे में अपनी एक अलग ही पहचान बनाएंगे ।

# ललितपुर मेडिकल कॉलेज : एमबीबीएस सत्र 2024 की वार्षिक परीक्षा शुरू

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में गत वर्ष 100 एमबीबीएस के छात्र छात्राओं को प्रवेश प्राप्त हुआ था। सत्र 1अक्टूबर 2024 से प्रारंभ किया गया था।पूरे वर्ष एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी तथा बायोकेमिस्ट्र विषय का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताते चलें कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर, अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध है। प्रथम वर्ष का पाठयक्रम पूर्ण होने के पश्चात विश्विद्यालय द्वारा माह सितंबर 2025 में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जानी है। लिखित परीक्षा के दौरान उपस्थित रहने के लिए विश्विद्यालय द्वारा 2 आब्जर्वर भी भेजे जाते हैं जिससे कि



परीक्षा बिना किसी भी तरह के अवरोध के पारदर्शी तरीके से कराई जा सके। प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने परीक्षा को कड़ाई, पारदर्शी एवं सुचारू रूप संपादित करने के लिए डा रवि पचौरी आचार्य एवं विभागाध्यक्ष को मेडिकल कॉलेज का कंट्रोलर ऑफ एक्जामिनेशन (नोडल) नामित किया। आज दिनांक 01/09/25 को एनाटॉमी विषय के प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा में मेडिकल कॉलेज ललितपुर के चीफ इनविजिलेटर डा रवि पचौरी, सह इनविजिलेटर डा जगदीश इटालिया तथा डा मनोज सोनी, डा दिव्या स्वामी, डा आशीष निरंजन, डा प्रद्युम्न वर्मा आदि कक्ष निरीक्षकों की कड़ी निगरानी में तथा अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा नामित आब्जर्वर डा प्रभाकर सिंह बैस आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बायोकेमिस्ट्री विभाग, महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल मेडिकल कालेज, झांसी तथा डा विकास गोयल , सह आचार्य, पैथोलॉजी विभाग, महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल मेडिकल कालेज, झांसी की उपस्थित में सकुशल संपन्न हुई।

## प्रयागराज के धार्मिक मेले में अश्लील डांस

**प्रयागराज।** प्रयागराज के धार्मिक मेले में जमकर अश्लील डांस हुआ। स्टेज पर 3 डांसर हिन्दी-भोजपुरी गानों पर थिरकती नजर आईं। युवाओं की टोली भी साथ में झूमते-मस्ती करते दिखे। कुछ लोगों ने स्टेज पर चढ़कर डांस कर रहीं लड़कियों पर नोट भी लुटाया। इस दौरान कुछ युवकों ने हंगामा किया। आयोजकों के साथ उनकी कहासुनी-धक्कामुक्की भी हुई। आयोजन कराने वाले युवक स्टेज से अन्य युवकों को भगाते नजर आए। मेजा खास के बोलन नाथ धाम में हर साल इस महीने के हरितालिका पर 2 दिवसीय मेला लगता है। मेले में बार-बालाओं ने भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान के भांजे शाहरेज को भेजा जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भांजे शाहरेज खान को नौ मई दंगों से जुड़े मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। शाहरेज पर सेना अधिकारी के घर पर हमले का आरोप है। उनका कहना है कि वे उस दिन चितरल में थे और यह राजनीतिक साजिश है। अदालत ने पुलिस की 30 दिन की रिमांड की मांग ठुकरा दी। मानवाधिकार संगठनों ने गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है।

### डिमेंशिया से पीड़ित राल्फ लेरॉय मेंज़ीज़ की फायरिंग स्काड से होने वाली फांसी पर लगी रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के यूटा में सुप्रीम कोर्ट ने डिमेंशिया से पीड़ित राल्फ लेरॉय मेंज़ीज़ की फायरिंग स्काड से होने वाली फांसी पर रोक लगा दी है। 67 वर्षीय मेंज़ीज़ को 1986 में मौरीन हंसाकर की हत्या के लिए 5 सितंबर को फांसी दी जानी थी। उनके वकीलों ने तर्क दिया कि मेंज़ीज़ डिमेंशिया के कारण अपनी सजा को समझने में असमर्थ हैं और शारीरिक रूप से भी बेहद कमजोर हैं। 2019 में, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भी मानसिक बीमारी से पीड़ित दोषियों की फांसी को अमानवीय बताते हुए रोका था। हंसाकर का शव अगवा होने के दो दिन बाद एक जंगल में मिला था।

### 90 फीसदी से अधिक अफगान लड़कियों की शिक्षा के समर्थक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि 90 फीसदी से अधिक अफगान लोग लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करते हैं, जबकि तालिबान अब भी माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध लगाए हुए है। रिपोर्ट 2,000 लोगों की राय पर आधारित है। यूएन महिला विभाग की सोफिया कॉलटॉर्प ने कहा कि अफगान परिवार अपनी बेटियों की पढ़ाई को लेकर दृढ़ हैं, पर प्रतिबंध मानसिक और स्वास्थ्य संकट बढ़ा रहे हैं। 97 फीसदी महिलाओं ने रोजगार प्रतिबंधों को विनाशकारी बताया। डब्ल्यूएचओ ने चेताया कि 22 मिलियन लोग मदद के मोहताज हैं, लेकिन ज़रूरी फंडिंग का केवल 24फीसदी ही मिला है।

### कॉमिक-कॉन अफ्रीका : अंतरराष्ट्रीय सितारों के बीच कॉमिक बुक प्रेमी और कॉस्प्लेयर

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में छठे कॉमिक-कॉन अफ्रीका का आयोजन हुआ। यहां हजारों कॉमिक बुक प्रेमी और कॉस्प्लेयर पहुंचे। चार दिवसीय उत्सव के दौरान एनीमे, गेमिंग, कॉमिक्स और कॉस्प्ले से जुड़ी चीजों को प्रदर्शित किया गया। इसमें आर्केड गेम्स, ई-स्पोर्ट्स और कॉस्ट्यूम जैसी प्रतियोगिताएं भी शामिल रहीं। आयोजन निदेशक कार्ला मासमैन के अनुसार, रविवार तक 70,000 दर्शक पहुंचे। विविधता और एकता के प्रतीक इस आयोजन में जेसी टी. अशर, डैन फोगलर और मिशा कॉलिन्स जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी शरीक हुए। प्रशंसकों को पसंदीदा पात्रों की पोशाक पहनकर तस्वीरें खिंचवाते देखा गया। लोग एक-दूसरे के रचनात्मक कौशल की सराहना करते भी दिखे। दरअसल, यह आयोजन इसलिए चर्चा में रहा क्योंकि आमतौर पर कॉमिक-कॉन अफ्रीका सितंबर के अंत में आयोजित किया जाता है। हालांकि, इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के कारण इसे अगस्त में ही कर दिया गया। बता दें कि इस वर्ष के अंत में जोहान्सबर्ग में ही जी20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया जाना है।

# इस्राइल उत्तरी गाजा में मदद भेजना बंद कर सकता है

## सैन्य आक्रमण बढ़ने के बीच इन विकल्पों पर मंथन

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल जल्द ही उत्तरी गाजा में मानवीय सहायता को रोक देगा या उसे धीमा कर देगा। एक अधिकारी ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि इस्राइल ऐसा इसलिए कर सकता है, क्योंकि वह हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब एक दिन पहले ही गाजा सिटी को आधकारिक रूप से युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस फैसले से इस्राइल सरकार की आलोचना और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि लगभग 23 महीने से जारी युद्ध में गाजा के लोगों और वहां बचे इस्राइली बंधकों की स्थिति को लेकर देश-विदेश में नाराजगी तेज हो रही है।



### आने वाले दिनों में सहायता ट्रकों की संख्या घटाएगा इस्राइल

एक इस्राइली अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बात की। उन्होंने बताया कि इस्राइल आने वाले दिनों में गाजा सिटी पर हवाई हमले बंद कर देगा और सहायता ट्रकों की संख्या घटा दी जाएगी। इसके साथ ही लाखों लोगों को दक्षिणी गाजा की ओर ले जाने की तैयारी हो रही है।

### इस्राइल ने गाजा सिटी को बताया हमास का गढ़

इस्राइल ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को सहायता पहुंचाने के लिए दिन में लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ बताते हुए दावा किया कि वहां अब भी भूमिगत सुरंगों का नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों का कहना है कि इस्राइल की ये राहत व्यवस्था गाजा के लिए रोजाना जरूरी 600 ट्रकों की तुलना में बेहद कम है।

### एक और बंधक के अवशेष मिले

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि शुक्रवार को गाजा में एक और बंधक के अवशेष मिले हैं। यह अवशेष इदान शितवी के हैं। कार्यालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इदान का नोवा संगीत समारोह से अपहरण कर लिया गया था। 250 से ज्यादा बंधकों में से अब 48 ही गाजा में बचे हैं। इस्राइल का मानना है कि इनमें से 20 जिंदा हैं। बंधकों के परिजनों को डर है कि सैन्य कार्रवाई बढ़ने से उनकी जान और खतरे में पड़ सकती है। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर तेल अवीव में युद्धविराम की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

### बड़े पैमाने पर विस्थापन की आशंका

हाल के दिनों में, इस्राइली सेना ने गाजा सिटी के बाहरी इलाकों पर हमले तेज किए हैं, जहां हाल ही में वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने अकाल की स्थिति घोषित की थी। शनिवार तक कई दिनों से गाजा में कोई हवाई आपूर्ति नहीं हुई थी। यह एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि इससे पहले लगभग रोजाना कुछ न कुछ राहत गिराई जाती थी। अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस की अध्यक्ष मिर्जाना स्पोल्जारिक ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर लोगों को गाजा सिटी से निकालना असंभव है, क्योंकि बुनियादी ढांचा तबाह हो चुका है और खाना, पानी, दवा, आश्रय हर चीज की भारी कमी है।

# 83 की उम्र में 23 साल के लड़के से प्यार, दादी की प्रेम कहानी जानकर रह जाएंगे हैरान

**टोक्यो, एजेंसी।** प्यार कब और किससे हो जाए, कोई नहीं जानता। कहा जाता है कि प्यार अक्सर तब होता है जब उसकी उम्मीद सबसे कम होती है, और कभी-कभी पूरी तरह असंभव तरीके से। जापान में 23 वर्षीय विश्वविद्यालय के छात्र कोफू और 83 वर्षीय आइको के बीच के रोमांस ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। 60 साल के उम्र के अंतर के बावजूद, उनकी प्रेम कहानी पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई है। बताया जाता है कि मात्र पांच महीनों में ही उनका रिश्ता बहुत मजबूत हो गया है।

### आइको और कोफू कौन हैं?

1942 में ओसाका में जन्मी आइको दो बार विवाह कर चुकी हैं। वह एक बेटे और एक बेटी की मां, पांच बच्चों की दादी और एक खूबसूरत वनस्पति उद्यान की मालकिन हैं, जो उनकी बागवानी के वर्षों के अनुभव का नतीजा है। उम्र के बावजूद वह सक्रिय, सुडौल और ऊर्जावान बनी हुई हैं। वह अपनी जवानी को बनाए रखने का श्रेय अपने रोजाना के व्यायाम को देती हैं। वहीं, कोफू अभी युवावस्था के शुरुआती दौर में है और ग्रेजुएशन कर रहा है। वह मानता हैं कि उसे हमेशा



से बड़ी उम्र की महिलाओं की ओर आकर्षण रहा है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे अपने से छह दशक बड़ी महिला के प्यार में पड़ जाएगा।

**आइको और कोफू की मुलाकात कैसे हुई?:** कोफू, आइको की पोती का सहपाठी है। वह उसके घर आया और तुरंत आइको से प्रभावित हो गया। शुरू में दोनों अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से हिचक रहे थे, क्योंकि उन्हें इस बात का अहसास था कि उनका रिश्ता कितना असामान्य लग सकता है। लेकिन हर मुलाकात के साथ वे एक-दूसरे के करीब आते गए, और धीरे-धीरे एक अनकही दोस्ती बन गई। इसके बाद आइको की पोती ने डिज्नीलैंड की यात्रा की योजना बनाई। इसी दौरान वह पल आया जिसने दोनों की दुनिया बदल दी। कोफू ने अपनी भावनाओं को साझा किया। आइको उसकी स्पष्टवादिता से प्रभावित हुई और दोनों ने प्यार को फिर से तलाशने के लिए विश्वास की छलांग लगाने का फैसला किया।

**गुप्त रोमांस से पारिवारिक स्वीकृति तक :** शुरुआत में इस जोड़े ने अपने रिश्ते को गुप्त रखा, क्योंकि वे नहीं जानते थे कि लोग क्या कहेंगे। लेकिन जब सच्चाई सामने आई, तो उनके परिवारों ने उनका साथ देकर उन्हें हैरान कर दिया। तब से कोफू और आइको ने न केवल पांच महीने साथ बिताए हैं, बल्कि एक-दूसरे के साथ रहने भी लगे हैं। संयोगवश दोनों की शादी की सालगिरह वैलेंटाइन डे के दिन पड़ती है।

### जनता की प्रतिक्रिया क्या रही?

सोशल मीडिया पर दोनों की लव स्टोरी ने बहस छेड़ दी है। कुछ लोग आश्चर्य और अविश्वास जता रहे हैं, और मजाक करते हुए कहते हैं कि वे अभी भी इस जोड़े को समझ नहीं पा रहे हैं। वहीं कई लोग इस जोड़े के साहस की तारीफ कर रहे हैं और कहते हैं कि भले ही यह रिश्ता अपरंपरागत हो, लेकिन उनकी खुशी निर्विवाद है।

# तियानजिन में पीएम से मिलने के बाद रो पड़ी चीनी महिला

**तियानजिन , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चीन के तियानजिन शहर पहुंचे। वहां उनका भव्य स्वागत हुआ। पीएम मोदी की चीन यात्रा से चीनी लोग भी काफी उत्साहित दिखे। एक चीनी महिला, जिसके पति भारतीय हैं, ने पीएम मोदी से मिलने के बाद खुशी के कारण रो पड़ी। महिला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देखकर वह खुशी से अभिभूत हो गई। उसने कहा कि मुझे भारत से प्यार है... मुझे प्रधानमंत्री मोदी से प्यार है।

बता दें कि तियानजिन के बिनहाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी होटल पहुंचे और वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे। महिला ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए यहां आकर बहुत खुश हैं। इनमें पारंपरिक कथक और ओडिसी नृत्य शामिल थे। ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्रदर्शन करने के सम्मान के बारे में बताया। उसने कहा कि मुझे थोड़ी घबराहट



हुई, लेकिन यह मेरे और मेरी टीम के लिए बहुत सम्मान की बात है। मैंने 13 साल से अधिक समय तक ओडिसी सीखी है। हमने दो महीने तक इसका अभ्यास किया और प्रस्तुति दी।

वहीं, चीनी कथक नृत्यांगना डू जुआन ने कहा कि पीएम मोदी के सम्मान में नृत्य करना अविस्मरणीय था। जुआन ने कहा कि मैं मोदी जी के लिए नृत्य करने को लेकर बहुत उत्साहित थी। यह जीवन भर का एक अविस्मरणीय अनुभव था। मुझे बहुत आनंद आया। एक अन्य भारतीय शास्त्रीय तबला वादक झुआंग जिंग ने कहा कि यह बहुत रोमांचक था। मुझे लगता है कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की फ्लाइट के शौचालय में आई समस्या

# बोतल में पेशाब करने के लिए मजबूर हुए यात्री

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की एक फ्लाइट से अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां यात्रियों को यात्रा के दौरान शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा, जब टॉयलेट खराब हो जाने के कारण उन्हें बोतलों में पेशाब करनी पड़ी। यह घटना पिछले हफ्ते बाली (इंडोनेशिया) से ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) आ रही फ्लाइट में हुई। यह फ्लाइट बोइंग 737 मैक्स 8 विमान से संचालित हो रही थी और गुरुवार दोपहर डेनपसार से रवाना हुई थी। उड़ान के समय एक पिछला टॉयलेट पहले से ही मरम्मत के चलते बंद था। लेकिन यात्रा के दौरान बाकी टॉयलेट भी खराब हो गए, जिससे यात्रियों को 6 घंटे की उड़ान में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिली।

**यात्रियों ने बताया अपना अनुभव :** विमान में हुए इस कृत्य के बारे में यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान एक यात्री ने कहा कि आखिरी तीन घंटे बेहद मुश्किल भरे थे। कुछ लोगों को बोतल में पेशाब करना पड़ा, तो कई यात्री बदबू और असहजता से परेशान दिखे।

**बुदुर्ग महिला को करना पर दिक्कत का सामना :** यात्री ने बताया स्थिति इतनी खराब हो गई कि एक बुजुर्ग महिला के खुद को नहीं रोक पाने की वजह से वह सार्वजनिक रूप से पेशाब कर



बैठीं, जिससे उन्हें शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। वहीं एक यात्री ने बताया कि फ्लाइट के बीच में ही सभी टॉयलेट काम करना बंद कर दिए। बाकी समय हमें बोतल में या फिर पहले से गंदे टॉयलेट में ही पेशाब करने को कहा गया। यह अपमानजनक और तनावपूर्ण था।

**एयरलाइन ने मांगी माफी :** हालांकि मामे में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने माफी मांगते हुए कहा कि वे यात्रियों को हुई परेशानी के लिए खेद प्रकट करते हैं और प्रभावित लोगों को फ्लाइट क्रेडिट दिया जाएगा। एयरलाइन ने अपने स्टाफ की भी सराहना की जिन्होंने इस मुश्किल स्थिति को संभालने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन ने इस घटना की आलोचना करते हुए इसे यात्रियों और क्रू के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा बताया।

**उड़ान के बीच बिगड़ी हालत :** शुरुआत में यात्रियों को उम्मीद थी कि आगे किसी तरह काम चल जाएगा, लेकिन बीच सफर में स्थिति और बिगड़ गई। विमान के बाकी दो टॉयलेट भी खराब हो गए। नतीजा यह हुआ कि करीब छह घंटे तक यात्रियों के पास कोई वॉशरूम सुविधा नहीं रही। क्रू ने यात्रियों को बोतलें पकड़ाकर कहा कि मजबूरी में इन्हीं का इस्तेमाल करना होगा या फिर पहले से खराब पड़े टॉयलेट पर ही जाना पड़ेगा। कई यात्रियों ने मजबूरी में ऐसा किया भी।

# लाहौर से मुल्तान तक तबाही, पंजाब प्रांत में 70 साल बाद आई भयानाक बाढ़, 30 की मौत और लाखों बेघर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आई भयानक बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। बीते 24 घंटे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है जबकि लाखों लोग बेघर हो गए हैं। हालात इतने बिगड़ गए कि प्रशासन को कई जगह बांध तोड़ने के लिए विस्फोटक तक इस्तेमाल करना पड़ा ताकि बड़े शहरों को बाढ़ से बचाया जा सके।

शनिवार सुबह से हो रही मूसलधार बारिश ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने दो सितंबर तक और तेज बारिश की चेतावनी दी है। पंजाब प्रांत के करीब 1,700 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें सिखों का पवित्र स्थल करतारपुर भी शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के मुताबिक, 26 जून से शुरू हुए मानसून में अब तक देशभर में 842 लोगों की जान जा चुकी है।एनडीएमए ने चिनाब, रावी और सतलुज नदियों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। खासकर सतलुज नदी में 1955 जैसी स्थिति बन रही है। कसूर जिले में खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने इसे सबसे भयानक बाढ़ बताया और कहा है कि मानसून का नौवां दौर दो सितंबर तक जारी रहेगा। राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, लेकिन लगातार बारिश और नदियों के उफान से संकट और गहराता जा रहा है।



### लाखों लोग बेघर, हजारों गांव डूबे

पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 30 लोगों की जान गई है। करीब 15 लाख लोग बेघर हो गए हैं। अब तक 5 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। लगभग 2,000 गांव डूब गए हैं और हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। प्रशासन ने मंडी बहाउद्दीन, चिनीओट और झंग समेत कई इलाकों में सात जगह बांध तोड़ने के लिए विस्फोटक का इस्तेमाल किया।

### नदियों का उफान और खतरा बढ़ा

जानकारी के मुताबिक, केवल चिनाब नदी से 1,169 गांव प्रभावित हुए हैं। रावी नदी से 462 गांव और सतलुज से 391 गांव डूबे हैं। पूरे प्रांत में 351 राहत व मेडिकल कैंप चलाए जा रहे हैं। लाहौर में करीब 40 साल बाद दो दर्जन कॉलोनियां पानी में डूब गईं। वहीं, मुल्तान शहर पर बाढ़ का बड़ा खतरा मंडरा रहा है क्योंकि चिनाब नदी में अगले 24 घंटे में 8 लाख क्यूसेक का पानी आने की आशंका जताई गई है।


# मिस्र में यात्री ट्रेन पटरी से उतरी, तीन लोगों की मौत, 94 से ज्यादा घायल

**काहिरा, एजेंसी।** पश्चिमी मिस्र में शनिवार को एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में 94 यात्री घायल हो गए। हाल के वर्षों में मिस्र में हुई रेल दुर्घटनाओं की श्रृंखला में यह नवीनतम घटना है। रेलवे अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि देश के उत्तरी तट पर स्थित पश्चिमी भूमध्यसागरीय प्रांत मतरूह से काहिरा जाते समय ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से दो पलट गए।स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घायलों को अस्पतालों में पहुंचाने के लिए 30 एम्बुलेंस भेजी गईं। रेलवे अधिकारियों के बयान में कहा गया है कि पटरी से उतरने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। मिस्र में पुरानी रेलवे प्रणाली कुप्रबंधन से ग्रस्त है, इसलिए ट्रेनों का पटरी से उतरना आम है। पिछले साल अक्तूबर में, दक्षिणी मिस्र में काहिरा जाने वाली एक यात्री ट्रेन के पिछले हिस्से में एक इंजन टकरा गया था, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। हाल के वर्षों में, सरकार ने रेलवे में सुधार के लिए पहल की घोषणा की है। राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने 2018 में कहा था कि देश के उपेक्षित रेल नेटवर्क को ठीक करने के लिए लगभग 250 बिलियन मिस्री पाउंड या 8.13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी।

# यमन में इस्राइल ने किया हवाई हमला, हूती विद्रोही सरकार के प्रधानमंत्री अहमद अल रहावी की मौत

**काहिरा, एजेंसी।**इस्राइल ने एक बार फिर यमन की राजधानी सना पर हवाई हमले किया। बताया जा रहा है कि हमलों में हूती विद्रोही नियंत्रित सरकार के प्रधानमंत्री अहमद अल रहावी की मौत हो गई। साथ ही हमले में कई और मंत्रियों ने भी जान गंवा दी। हूती विद्रोहियों ने कहा कि अल-रहावी अगस्त 2024 से हूती नेतृत्व वाली सरकार के प्रधानमंत्री थे। उनको अन्य मंत्रियों के साथ सरकार की पिछले वर्ष की गतिविधियों और प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित नियमित कार्यशाला के दौरान निशाना बनाया गया। वहीं इस्राइली सेना ने कहा कि उसने यमन के सना क्षेत्र में हूती आतंकी शासन के सैन्य ठिकाने पर सटीक हमला किया।

हमला उस वक्त किया गया जब शीर्ष नेता एक अपार्टमेंट में राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एक भाषण कार्यक्रम देख रहे थे। यमन के एक चैनल ने बताया कि हूती प्रधानमंत्री अल-रहावी अपने कई सहयोगियों के साथ एक अपार्टमेंट में थे। हमले में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद



नासिर अल-अथिफी और चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-गमारी के भी मारे जाने की संभावना है।

**हमास के समर्थन में इस्राइल पर मिसाइल दागते रहें हैं हूती :** गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध के दौरान हूतियों ने इस्राइल पर बार-बार मिसाइलें दागी हैं। हूती विद्रोहियों का कहना है कि ये हमले फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए किए जा रहे हैं। हालांकि यमन की ओर से दागी गईं ज्यादातर मिसाइलें इस्राइल ने रोक लीं और हवा में ही उनके टुकड़े-टुकड़े कर दिए। हूती संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय और सरकारी अधिकारियों के अनुसार इस सप्ताह के शुरू में इस्राली हमलों ने सना के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 10 लोग मारे गए और 102 अन्य घायल हो गए।

### ट्रंप प्रशासन के साथ किया था समझौता

इससे पहले इस्राइल और अमेरिका ने यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर बमबारी की। इसमें सना और रणनीतिक तटीय शहर होदेदा भी शामिल था। इस्राइली हमलों के कारण मई में सना हवाई अड्डा सेवा से बाहर हो गया था।

ट्रम्प प्रशासन ने मई में हूतियों के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। इसके तहत वे लाल सागर में जहाजों पर हमले बंद करने के बदले हवाई हमले बंद करेंगे। हालांकि, विद्रोहियों ने कहा कि इस समझौते में उन ठिकानों पर हमले रोकने की बात शामिल नहीं थी जो इस्राइल से संबद्ध हैं।

# महिला वर्ल्ड कप 2025 जीतने वाली टीम होगी मालामाल, लगभग 300 गुना बढ़ी इनामी राशी

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने सोमवार को भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वर्ल्ड कप के लिए इनामी राशि की घोषणा की है। वहीं इस बार खास बात ये है कि, इस राशी में 297 प्रतिशत की वृद्ध हुई है। आईसीसी ने आधिकारिक बयान में आईसीसी ने पुष्टि करते हुए प्रमुख टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन होगी जो कि, भारतीय रुपये में 122 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम होती है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने ये फैसला लेकर महिला क्रिकेट को अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है।

बता दें कि, महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम को 4.48 मिलियन डॉलर्स के इनाम का ऐलान किया गया है जो भारतीय रुपये में लगभग 40 करोड़ रुपये बैठती है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम को 2.24 मिलियन यानी लगभग 20 करोड़ रुपये मिलेंगे।

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम को लगभग 10 करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। ग्रुप स्टेज में एक मैच जीतने वाली टीम को 34 हजार डॉलर यानी 30.19 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीम को 6.16 करोड़ रुपये के इनाम से नवाजा जाएगा।

वहीं सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाली टीमों को भी 2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। कोई टीम मैच जीते या नहीं हर टीम को कम से कम 2 करोड़ 50 लाख रुपये मिलेंगे। वही सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि, पुरुष 2023 वनडे वर्ल्ड कप की प्राइज मनी 10 मिलियन डॉलर्स यानी लगभग 88.29 करोड़ रुपये थी।

वहीं आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि, ये घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगी। जय शाह ने आगे कहा कि, पुरस्कार राशी में चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पल है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है।




# फिटनेस टेस्ट में रोहित-शुभमन समेत इन खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट में भविष्य को लेकर अटकलें लगती रही हैं। खासकर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज के बाद उनके सफर के खत्म होने की बातें उठती रहीं। वहीं, इस दौरे के लिए चयन से पहले उनकी फिटनेस पर भी सवाल खड़े होते रहे। इन सवालों का जवाब देने के लिए भारतीय वनडे कप्तान रोहित शर्मा बेंगलुरु पहुंचे, जहां उन्होंने फिटनेस टेस्ट दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित ने बिना किसी परेशानी के यह टेस्ट पास कर लिया है।

कुछ दिनों के ब्रेक के बाद रोहित शर्मा के साथ ही टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ी भी बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में फिटनेस जांच के लिए मौजूद थे। शनिवार और रविवार को दो दिन तक सभी खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट आयोजित किया गया। बीसीसीआई ने इस बार खिलाड़ियों की फिटनेस जांच के लिए यो-यो टेस्ट के साथ-साथ ब्रॉन्को टेस्ट भी शामिल किया था। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि सभी खिलाड़ियों का ब्रॉन्को टेस्ट हुआ या नहीं, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार सभी का यो-यो टेस्ट जरूर हुआ।

### रोहित शर्मा ने साबित की अपनी फिटनेस

31 अगस्त रविवार को फिटनेस टेस्ट के दूसरे दिन सभी खिलाड़ियों ने यो-यो टेस्ट दिया, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे। करीब तीन महीने के क्रिकेट से दूर रहने के बाद भी 'हिटमैन' ने बिना किसी समस्या के फिटनेस टेस्ट पास कर अपनी फिटनेस साबित की। टेस्ट के बाद मुंबई लौटे रोहित के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें वह काफी फिट नजर आए।

### प्रसिद्ध कृष्णा ने भी किया प्रभावित

इंग्लैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी इस फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, लंबे कद के इस पेसर ने टेस्ट के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया और टीम अधिकारियों को प्रभावित किया। हालांकि उनका स्कोर अभी सामने नहीं आया है। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह समेत अन्य खिलाड़ियों ने भी फिटनेस टेस्ट पास किया है। ये सभी खिलाड़ी आगामी एशिया कप टीम का हिस्सा भी हैं।

# पूर्व दिग्गज बोले, स्मिथ और मैक्सवेल के विकल्पों की अभी से तलाश करें ऑस्ट्रेलिया



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि साल 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम को अभी से बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों के विकल्प तलाशने होंगे। इसके साथ ही तय रणनीति के अनुसार तैयारियां करनी होंगी। स्मिथ और मैक्सवेल ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद ही एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया था। इन दोनो का विकल्प तलाशना आसान नहीं है क्योंकि स्मिथ लंबी बारी खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वहीं मैक्सवेल गेंद औरा बल्ले दोनो से ही अहम भूमिका निभाते हैं। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से ही खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी। मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल ओवेन और लांस मौरिस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में किन खिलाड़ियों को स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया जाए। ये सवाल इस सीरीज के अलावा आने वाली सीरीजों में भी ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का कारण होगा। मार्नस लाबुशेन एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे, क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज भी टीम में होना चाहिए। हालांकि, वे टेस्ट टीम से बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब उनको कूपर कोनोली, आरोन हार्डी और मैट कुहनेमैन पर भरोसा करना होगा। इनमें से जिस भी खिलाड़ी को इस सीरीज में मौका मिलेगा और वह इन अवसरों का लाभ उठाना चाहेगा और स्मिथ और मैक्सवेल की जगह वह टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेगा। वहीं दूसरी ओर अफ्रीका की टीम के लिए बेहतर हालत में है। उसके पास हेनरिक क्लासेन की जगह मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज है, जो टी20 में धाक जमान के बाद वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करेगा।

# 'इस्तीफा नहीं उन्हें निकाला गया है', साउथ अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स ने राहुल द्रविड़ को लेकर किया सनसनीखेज खुलासा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ के राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से इस्तीफा देने के बाद क्रिकेट जगत में हलचल मची हुई है। राहुल द्रविड़ को पिछले साल ही राजस्थान रॉयल्स ने कोच के रूप में नियुक्त किया था, लेकिन एक सीजन खेलने के बाद ही उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला कर लिया। इस मामले में अब साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। डिविलियर्स ने अनुमान जताया है कि राहुल द्रविड़ को टीम से निकाला गया था, इसलिए उन्होंने अचानक अपना कार्यकाल समाप्त किया।

### एबी डिविलियर्स का बड़ा बयान

एबी डिविलियर्स ने अपने सोशल मीडिया शो '360 लाइव' पर कहा, 'मुझे लगता है कि यह फैसला टीम के ओनर या मैनेजमेंट का था। उन्होंने राहुल को टीम में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया।




शायद वह परेशान थे क्योंकि वे अभी भी टीम में बने रहना चाहते थे और डगआउट में रहना चाहते थे। यह शायद उनका अपना फैसला हो, लेकिन भविष्य में जब हम उनसे बात करेंगे तो स्पष्टता मिलेगी। राहुल ने टीम में एक बड़ा खालीपन जरूर छोड़ा है।'

### अच्छा नहीं रहा था पिछला सीजन

राजस्थान रॉयल्स के लिए पिछला सीजन खराब रहा है। 2008 की आईपीएल विजेता टीम ने पिछले साल सितंबर में राहुल द्रविड़ को कोच के रूप में लाकर टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की, लेकिन टीम ने 14 लीग मैचों में केवल चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही।

### फ्रैंचाइजी ने क्या कहा?

राजस्थान रॉयल्स की फ्रैंचाइजी ने राहुल द्रविड़ के इस्तीफे पर बयान जारी करते हुए कहा, 'राहुल कई सालों तक राजस्थान रॉयल्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली है। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों का निर्माण किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी है। टीम की संरचना की समीक्षा के दौरान राहुल को फ्रैंचाइजी में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी और दुनियाभर के लाखों प्रशंसक फ्रैंचाइजी के लिए उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को हार्दिक धन्यवाद देते हैं।'

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए नये प्रायोजक की तलाश शुरु की, 450 करोड़ रुपये रखी प्रायोजन राशि

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट टीम के लिए नये स्पॉन्सर (प्रायोजक) की तलाश शुरु कर दी है। नए करार के लिए 450 करोड़ रुपये की रकम तय की गयी है। ये ड्रीम11 के साथ हुए 358 करोड़ रुपये के करार से ज्यादा है। ड्रीम11 को ऑनलाइन गेमिंग एप पर प्रतिबंध के बाद प्रायोजन करार से हटना पड़ा था जबकि उसका करार साल 2026 तक था। ऐसे में बीसीसीआई को अचानक ही नये प्रयोजक की तलाश करनी पड़ी है। बीसीसीआई के लिए हालांकि 9 सितंबर से शुरु हो रही एशिया कप से पहले प्रायोजक मिलना संभव नहीं है। एशिया कप 9 सितंबर से ही शुरु हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अब बीसीसीआई की नजर 2025 से 2028 के लिए नए प्रायोजक की तलाश पर है और इस करार की कीमत करीब 450 करोड़ रुपये होगी जो ड्रीम11 की 358 करोड़ रुपये की रकम से कहीं अधिक होगी।

# दलीप ट्रॉफी के फाइनल का सीधा प्रसारण होगा : बीसीसीआई

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि दलीप ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का सीधा प्रसारण होगा। बीसीसीआई का ये बयान प्रशंसकों की आलोचना को देखते हुए आया है। प्रशंसकों ने दलीप ट्रॉफी मैचों का प्रसारण नहीं किये जाने पर निराशा जतायी थी। बीसीसीआई ने कहा है कि 11 से 15 सितंबर के बीच होने वाले दलीप ट्रॉफी का फाइनल टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, दलीप ट्रॉफी के फाइनल का सीधा प्रसारण होगा। हमने अपने प्रसारक के साथ 100 दिनों के घरेलू क्रिकेट का सीधा प्रसारण पक्का करने के लिए करार किया है। जिसका मतलब है कि हमारे सभी घरेलू टूर्नामेंटों का सीधा प्रसारण होगा। बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को अत्यधिक महत्व देता है क्योंकि इन मैचों में लगभग सभी भारतीय खिलाड़ी खेल रहे हैं। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में अब तक यश ढुल और अंकित कुमार के शतकों की बदौलत नॉर्थ जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं दूसरे मैच में, दानिश मालेवार के शानदार डेब्यू और रजत पाटीदार व यश राठौड़ के शानदार प्रदर्शन से सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों सेमीफाइनल 4 सितंबर को खेले जाएंगे।

# ऋषभ ने साझा की तस्वीर, चोट से उबरने का प्रयास कर रहे



बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में ऋषभ के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। जिससे अब वह उबर रहे हैं। उनका पलास्टर उतर गया है पर उन्हें अभी ठीक होने में समय लगेगा। इसी कारण वह एशिया कप से भी बाहर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भी वह शायद ही खेल पाये। अब ऋषभ ने अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसमें वह चोट से उबरने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशंसक भी उनकी वापसी कब होगी उसको लेकर बेताब हैं। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की और लिखा, 'इसमें और कितने दिन?' वह उनके पैर पर लगे प्रोटेक्टिव बूट की ओर संकेत कर रहे थे। इस चोट के कारण वह कम से कम छह हफ्तों के लिए खेल से बाहर हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने लीड्स टेस्ट में लगातार दो शतक लगाए जिससे वह टेस्ट में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए जिसमें मैनचेस्टर में फ्रैक्चर वाले पैर के साथ खेली 54 रन की पारी भी शामिल थी। इस दौरे पर सात पारियों में उनके नाम 479 रन थे।

# हॉकी इंडिया लीग को लेकर बड़ी अपडेट, जनवरी में तीन शहरों में खेलें जाएंगे मुकाबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क- हॉकी इंडिया लीग (HIL) का अगला सीजन जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें इस बार लीग के मैच दो नहीं बल्कि तीन अलग-अलग स्थलों पर खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पुष्टि की है कि पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता आठ टीमों के साथ पहले की तरह ही जारी रहेगी, जबकि महिला वर्ग में टीमों की संख्या चार से बढ़ाकर छह तक की जा सकती है। हालांकि, इस बार पुरुषों की गोनासिका टीम और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन ओडिशा वॉरियर्स निजी कारणों से प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं।

### कौन-कौन से वेन्यू हो सकते हैं?

दिलीप टिर्की ने बताया कि इन टीमों की जगह नई टीमों की जल्द घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में कम से कम चार और पुरुष वर्ग में आठ टीमें जरूर रहेंगी। महिला टीमों की संख्या बढ़ाकर छह करने पर विचार जारी है। इस बार लीग के मैच तीन शहरों में खेले जाएंगे, जिनमें दो पुराने शहरों के साथ एक नया शहर भी शामिल होगा। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में से किसी एक को चुना जाएगा। वहीं, चंडीगढ़ और मोहाली का नाम भी चर्चा में था, लेकिन जनवरी में कोहरे की समस्या को देखते हुए निर्णय फिलहाल टाल दिया गया है।



दिलीप टिर्की ने यह भी जानकारी दी कि पिछली लीग के सभी खिलाड़ियों का बकाया भुगतान कर दिया गया है। खासकर ओडिशा वॉरियर्स टीम की ओर से भुगतान में हुई देरी को हॉकी इंडिया ने सीधे खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि से समायोजित कर दिया है।

### कब होगी खिलाड़ियों की नीलामी?

अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इस नीलामी में गोनासिका और ओडिशा वॉरियर्स के साथ-साथ अन्य टीमों द्वारा रिलीज किए गए खिलाड़ी भी शामिल होंगे। टिर्की ने कहा कि भारत अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपनी सबसे मजबूत टीमों को उतारेगा। उन्होंने बताया कि एशियाई खेल विश्व कप के लगभग तीन सप्ताह बाद होंगे और टीमों की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# फिडे रैंकिंग : आर प्रज्ञानंनदा ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, कार्लसन टॉप पर काबिज



बेंगलुरु। फिडे की सितंबर 2025 महीने की रैंकिंग जारी हो गई है। इस दौरान भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने अपने करियर के सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है। प्रज्ञाननंदा 2785 श्वद्य१ के साथ चौथे नंबर पर पहुंचकर भारत के सर्वोच्च रेटिंग वाले क्लासिकल खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया है। यह बढ़त सिंकफील्ड कप में उनके दूसरे स्थान पर रहने से और भी बढ़ गई है। इससे पहले अगस्त में उनकी रेटिंग 6 अंक की थी। वहीं इस रैंकिंग में एक बार फिर नॉर्वे के खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन टॉप पर हैं। हालांकि, वो अब चैंपियन नहीं है, लेकिन रेटिंग के हिसाब से अभी भी नंबर 1 क्लासिकल खिलाड़ी हैं। उनके बाद ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। भारत के अन्य शीर्ष शास्त्रीय खिलाड़ियों में पांचवें स्थान पर अर्जुन एरिगैसी (2771 Elo) और छठे नंबर पर मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश (2767 Elo) शामिल हैं। इसके लावा वैश्विक टॉप 10 में एक उल्लेखनीय नवागंतुक जर्मन के विन्सेंट कीमर हैं, जिन्होंने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद तेजी से 21 रेटिंग अंक प्राप्त किए और एलीट क्लब में एंट्री की है। वहीं इस रैंकिंग में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है जो कि वेस्ली सो का है। जिन्होंने हाल ही में समाप्त हुई सिंकफील्ड कप जीता। वेस्ली अपने दूसरे खिताब की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# बुमराह वर्तमान दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : अकरम



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह वर्तमान समय के एक महान गेंदबाज हैं। अकरम ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम प्रबंधन उनके वर्कलोड का ध्यान रख रहा है वह भी सराहनीय बात है। अकरम ने कहा कि बुमराह विश्व-स्तर के गेंदबाज है और इसमें किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिये। इस पूर्व गेंदबाज ने कहा, बुमराह का ऐक्शन सबसे अलग है। उनके पास गति है और जिस तरह से प्रबंधन उनका ध्यान रख रहा है वह भी काफी अच्छी बात है। इसका पूरा श्रेय प्रबंधन और इस गेंदबाज की मानसिकता को जाता है। अकरम से जब यह पूछा गया कि क्या बुमराह ऑल-टाइम ग्रेट हैं तब उन्होंने कहा, किसी भी अलग-अलग दौर की तुलना नहीं की जा सकती। वह दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं, मैं बाएं हाथ का गेंदबाज था। मैंने सोशल मीडिया पर कई बार बहस देखी हैं पर उससे न तो बुमराह और न ही मुझे फर्क पड़ता है। वह आधुनिक दौर के महान हैं। मैंने अपने समय में अपना योगदान दिया पर वह बहुत ही प्रभावशाली हैं। क्रिकेट में आए बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि अब गेंदबाजों को विकेट मिलने के अवसर ज्यादा हैं क्योंकि बल्लेबाज हर समय शॉट खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 90 के दशक में टी20 नहीं था। एकदिवसीय में बल्लेबाज खराब गेंदों को छोड़ दिया करते थे पर अब तो टेस्ट में भी अच्छी गेंदों तक पर शॉट लग रहे हैं। इससे गेंदबाजों पर दबाव ज्यादा हो गया है। बुमरहा के पास विकेट लेने के अवसर ज्यादा हैं क्यों बल्लेबाज की नजर हमेशा शॉट पर रहती है। गेंदबाज के तौर पर हम उस आक्रामकता का आनंद लेते हैं। टेस्ट क्रिकेट को कुछ टीमों के लिए 5 दिन के बजाय 4 दिन तक का करने वाले यानी टू-टियर सिस्टम के प्रस्ताव को भी अकरम ने बेकार बताया है।

# हरभजन ने थप्पड़ कांड का वीडियो दोबारा जारी करने के लिए ललित मोदी की आलोचना की

नई दिल्ली। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल 2008 के थप्पड़ कांड का वीडियो दोबारा जारी करने के लिए पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी की कड़ी आलोचना की है। हरभजन ने उस मैच में नाराज होकर विरोधी टीम के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को एक थप्पड़ लगा दिया है हालांकि उसके बाद से ही हरभजन ने कई बार श्रीसंत से माफी मांग ली थी। साथ ही कहा था कि उस घटना का पछतावा उन्हें हमेशा रहेगा। अब घटना के 17 साल बाद उसी वीडियो को जारी किये जाने से हरभजन नाराज हैं। हरभजन ने कहा है कि जिस बात को लोग भूल गए थे, उसे इतने सालों बाद सार्वजनिक करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इसके पीछे पूर्व आईपीएल कमिश्नर को कोई निजी हित छिपा होगा। हरभजन से ब थप्पड़ कांड का वीडियो लीक होने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लोग भूल गए थे, और अब उन्हें उसकी दोबारा याद दिलाई जा रही है। हरभजन ने कहा कि जिस तरह से वीडियो लीक किया गया है, वो गलत है। यह नहीं होना चाहिए। इसके पीछे ललित का कुछ स्वार्थ होगा। कई साल पहले कुछ हुआ था, लोग उसे भूल गए हैं और वे उसे याद दिला रहे हैं। हरभजन ने आगे कहा, 'जो कुछ भी हुआ उसके लिए मुझे भी बुरा लगता है। हम लोग खेल रहे थे, और सबके मन में कुछ न कुछ चलता रहता है। गलतियां होती हैं और हम उसके लिए शर्मिंदा महसूस करते हैं।' साथ ही कहा, 'वह दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और मैं कई मौकों पर कह चुका हूं कि मुझसे गलती हुई थी। इंसान गलतियां करता है, मैंने भी की। मैंने भगवान गणेश से प्रार्थना की है कि अगर मैं भविष्य में गलतियां करता हूं तो मुझे क्षमा करें। गलतियां होती हैं।' हरभजन ने अभी हाल ही में आर अश्विन के साथ हुई बात में भी थप्पड़ कांड के लिए माफी मांगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब उनके श्रीसंत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं।

# रणजी नहीं आईपीएल... भारतीय टेस्ट टीम के चयन को लेकर ये क्या कह गए चेतेश्वर पुजारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में टीम इंडिया के अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की। पुजारा ने नंबर-3 पर टीम इंडिया को लंबे समय तक सेवाएं दी। इस दौरान वह टीम इंडिया के लिए कई बार संकटमोचन बने। उन्होंने राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया जिस कारण उन्हें टीम इंडिया की दीवार कहा जाने लगा। हालांकि, लंबे समय तक उन्हें टीम इंडिया में मौका नहीं मिला लेकिन नंबर-3 अभी भी अस्थिर है। कई खिलाड़ियों को आजमाया गया है। वह इस नंबर पर अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं।

वहीं चेतेश्वर पुजारा ने संन्यास के बाद अपनी दिल की बात कही। इस दौरान उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के जरिए भारतीय टेस्ट टीम में चयन को लेकर कड़वी सच्चाई उजागर की। पुजारा ने इस दौरान कहा कि, टेस्ट टीम में चयन आईपीएल, टी20 और वनडे क्रिकेट में प्रदर्शन से होता है। रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने से काफी कम खिलाड़ियों का चयन होता है। जिस कारण नए दौर के खिलाड़ी अटैकिंग क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

साथ ही पुजारा ने कहा कि, मुझे लगता है कि ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट मैचों के लिए टी20, आईपीएल या वनडे में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिन्हें रणजी मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। यहां तक कि, गेंदबाज भी सफेद गेंद वाले सर्किट से टेस्ट मैचों में आ रहे हैं। यही कारण है कि मुझे लगता है कि आधुनिक युग के बल्लेबाजों की ताकत आक्रामक क्रिकेट खेलना है। वे जरूरत पड़ने पर गेंद को डिफेंडकरने या छोड़ने की कला सीख रहे हैं।

वहीं टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ने कहा कि, फिलहाल अभी भी समझदारी भरा क्रिकेट खेला जा रहा है। खिलाड़ी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। फिर काउंटर अटैकिंग कर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि खेल बेहतर स्ट्राइक रेट के साथ आगे बढ़ेगा। हालांकि, ऐसा तभी हो सकता है जब आप सपाट पिच पर खेल रहे हों। अगर आप चुनौतीपूर्ण पिच पर खेलना शुरू करते हैं तो क्या कोई आक्रामक क्रिकेट खेलना जारी रख सकता है? इस पर पुजारा ने कहा कि, नहीं, इसलिए अगर कोई पारंपरिक टेस्ट खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी से उभरता है तो मुझे अभी भी लगता है कि उसके पास भारत की टेस्ट टीम में योगदान देने का मौका होगा।



# एयरटेल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने कर रही एआई का इस्तेमाल

## -खरीदारी, बिलिंग, भुगतान और कस्टमर केयर के लिए एआई एजेंट किए तैयार

**नई दिल्ली।**

भारती एयरटेल अपने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही है। कंपनी ने अपने 3.8 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के लिए खरीदारी, बिलिंग, भुगतान और कस्टमर केयर जैसी सेवाओं में काम आने वाले छह अलग-अलग एआई एजेंट तैयार किए हैं। पिछले 18 महीनों से एयरटेल एआई का परीक्षण कर रही थी और पिछले कुछ तिमाहियों में इसे अपने संचालन में शामिल किया है। ये छह एआई एजेंट कंपनी के एक्सटेल्फी नामक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के तहत काम करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एयरटेल का उद्देश्य एआई को अपनी सभी संचालन प्रक्रियाओं का मुख्य हिस्सा बनाना है। इसके साथ ही एयरटेल थैंक्स ऐप को सभी ग्राहक सवालों और सेवाओं का मुख्य माध्यम बनाया जाएगा। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने कहा कि करीब छह महीने पहले एआई को संचालन का केंद्र बनाया गया है। इससे पहले कंपनी ने तीन हजार इंजीनियर और टेक्नोलॉजी स्टाफ का पुनर्गठन किया है।

कंपनी ने इसके ऊपर एक डेटा प्लेटफॉर्म तैयार किया है और इस पर छह एआई एजेंट- डेटा, खरीद, निर्माण, भुगतान, सेवा और चैनल प्लेटफॉर्म्स बनाए हैं। दूसरे अधिकारी ने बताया कि ये एआई एजेंट एक 'अमरीकृत एआई एजेंट' के तहत काम करेंगे, जो सभी ग्राहक सवालों का एक ही बिंदु होगा, बिल्कुल वैसे जैसे चैटजीपीटी या गिम्नी आज काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में एयरटेल थैंकस ऐप गूगल सर्च बार की तरह काम करेगा। ग्राहक किसी भी समस्या या खरीद के लिए सीधे पूछ सकेंगे, जैसे अंतरराष्ट्रीय रोमिंग प्लान। एआई एजेंट आपस में बात करेंगे और समाधान प्रस्तुत करेंगे। एयरटेल ने कुछ साल पहले अपने आईटी संचालन, जिसमें ऑपरेशंस और बिलिंग सपोर्ट शामिल थे, आईबीएम से इनसोर्स कर लिए थे।

एआई के आने के बाद कंपनी ने आईटी खर्च को अपने कुल राजस्व का सिर्फ 1.5 फीसदी कर दिया है, जबकि वैश्विक टेलिकॉम कंपनियों का औसत 5.5-6 फीसदी है।

# सितंबर में अलग-अलग राज्यों में बंद रहेंगे बैंक, आरबीआई ने जारी की छुट्टियों की सूची

**नई दिल्ली।**

भारत में बैंक राष्ट्रीय अवकाश, सार्वजनिक छुट्टियों और त्योहारों पर बंद रहते हैं। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सितंबर 2025 के लिए बैंक की छुट्टियों की सूची जारी की है। इस सूची में अलग-अलग राज्यों और शहरों में सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर के बैंक की छुट्टियों की डीटेल्स दी गई हैं।

आरबीआई के मुताबिक सितंबर 2025 में देश के कई हिस्सों में बैंक कुल 10 दिन बंद रहेंगे। इन छुट्टियों में कर्म पूजा, पहला ओणम, ईद-ए-मिलाद, थिरुवोनम, इंद्रजात्रा, नवरात्र, महाराजा हरि सिंह का जन्मदिन, महासप्तमी और दुर्गा पूजा शामिल हैं।

सितंबर माह में राज्य के मुताबिक बैंक छुट्टियां इस प्रकार हैं। 3 सितंबर झारखंड में कर्म पूजा के अवसर पर बैंक बंद। 4 सितंबर को केरल में पहला ओणम उत्सव। 5 सितंबर गुजरात, मिज़ोरम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तराखंड, हैदराबाद, विजयवाड़ा, मणिपुर, जम्मू, यूपी, केरल, नई दिल्ली, झारखंड, जम्मू और श्रीनगर में ईद-ए-मिलाद और थिरुवोनम के कारण बैंक बंद रहेंगे।

वहीं 6 सितंबर को सिक्किम और छत्तीसगढ़ में ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उल-नबी)/इंद्रजात्रा।

12 सितंबर को जम्मू और श्रीनगर में ईद-ए-मिलाद-उल-नबी के अगले शुक्रवार के अवसर पर बैंक बंद। 22 सितंबर को राजस्थान में नवरात्र स्थापना। 23 सितंबर जम्मू और श्रीनगर में महाराजा हरि सिंह के जन्मदिन के अवसर पर बैंक बंद। 29 सितंबर को त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में महासप्तमी/दुर्गा पूजा। 30 सितंबर त्रिपुरा, ओडिशा, असम, मणिपुर, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में महाअष्टमी/दुर्गा अष्टमी/दुर्गा पूजा पर बैंक बंद रहेंगे।

स्थानीय शाखाओं या बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर राज्यवार छुट्टियों की पुष्टि करना बेहतर है, क्योंकि कुछ छुट्टियां क्षेत्रीय रूप से अलग हो सकती हैं।

बैंक बंद रहने पर भी नेट बैंकिंग की सुविधा से अपने खातों की जांच, पैसे ट्रांसफर और बिल भुगतान आसानी से घर से किया जा सकता है। कैश निकालने के लिए पास के एटीएम का इस्तेमाल किया जा सकता है और एटीएम में पैसे जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# नई ई-स्कूटर टीवीएस ऑर्बिटर लॉन्च



**नई दिल्ली।**

टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी नई ई-स्कूटर टीवीएस ऑर्बिटर को लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरुआती कीमत 99,900 रुपये (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु और दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत) रखी गई है। यह स्कूटर स्मार्ट, स्टाइलिश और सस्टेनेबल अर्बन कम्यूट के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई है। नई टीवीएस ऑर्बिटर में 3.1 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है, जो 158 किमी की आईडीसी रेंज देने में सक्षम है। यानी रोजाना शहर में आने-जाने के लिए पेट्रोल स्कूटर को अलविदा कहने का वक्त आ गया है। लंबी बैटरी लाइफ और बेहतर परफॉर्मेंस इसे अपने सेगमेंट में खास बनाते हैं। इस ई-स्कूटर को कई ऐसे फीचर्स से लैस किया गया है, जो इसे प्रतियोगियों से अलग करते हैं। पहली बार किसी स्कूटर में 14-इंच का बड़ा फ्रंट व्हील दिया गया है, जिससे राइडिंग स्टेबिलिटी और कम्फर्ट बढ़ जाता है। इसके अलावा इसमें क्रूज कंट्रोल, हिल होल्ड असिस्ट और 34 लीटर का अंडर-सीट स्टोरेज स्पेस जैसे एडवांस फीचर्स मौजूद हैं। टीवीएस ऑर्बिटर को स्मार्ट कनेक्टिविटी से भी लैस किया गया है। यह स्कूटर मोबाइल ऐप से कनेक्ट हो सकती है और इसमें जियो-फेंसिंग, टाइम-फेंसिंग, कॉलिजन अलर्ट, टॉइंग अलर्ट जैसी सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। कॉल डिस्प्ले वाला कलर्ड एलसीडी क्लस्टर और यूएसबी 2.0 चार्जिंग पोर्ट इसे और भी प्रैक्टिकल बनाते हैं।

डिजाइन की बात करें तो इसमें लंबी 845एमएम फ्लैटफॉर्म सीट दी गई है, जिससे राइडर और पिलियन दोनों को बेहतर आराम मिलता है। 290एमएम का स्ट्रेट फुटबोर्ड और सीधी पोजिशनिंग इसे अर्बन राइड के लिए सुविधाजनक बनाते हैं। लुक्स की बात करें तो इसमें एलईडी हेडलैंप, एज-टू-एज फ्रंट लाइट्स और स्पोर्टी वाइजर दिया गया है। एयरोडायनामिक डिजाइन न केवल देखने में आकर्षक है बल्कि बैटरी की खपत को भी कम करता है और स्मूद परफॉर्मेंस देता है। कंपनी ने इसे 99,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च करके ईवी सेगमेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी है।

# महिंद्रा एक्सयूवी 700 का 2026 फेसलिफ्ट वर्जन पेश करने की तैयारी

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में महिंद्रा की फ्लैगशिप एसयूवी एक्सयूवी 700 पहले ही बड़ी लोकप्रियता हासिल कर चुकी है। महिंद्रा कंपनी इसका 2026 फेसलिफ्ट वर्जन पेश करने की तैयारी में है। बीते दिनों इसका टेस्टिंग मॉडल कैमरे में नजर आया है, जिससे इसके डिजाइन और फीचर्स से जुड़ी कई अहम जानकारी सामने आई है। नई एक्सयूवी 700 फेसलिफ्ट में डिजाइन को और ज्यादा स्पोर्टी और मॉडर्न बनाने पर फोकस किया गया है। इसमें नया बंपर, अपडेटेड हेडलैंप्स और रिवाइज्ड टेल-लाइट्स देखने को मिलेंगी। साथ ही नए अलॉय व्हील्स और ताजगी भरे कलर ऑप्शन्स इसे और प्रीमियम बनाएंगे। एसयूवी का साइड प्रोफाइल लगभग वैसा ही रहेगा, लेकिन सूक्ष्म बदलाव इसे ज्यादा आकर्षक लुक देंगे। इंटीरियर को भी लग्जरी और टेक-फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसमें महिंद्रा की ईवी लाइनअप से प्रेरित ट्रिपल-स्क्रीन लेआउट मिलेगा, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, इंफोटेनमेंट और कंट्रोल स्क्रीन शामिल होंगे। इसके अलावा वेंटीलेटेड सीट्स, एंबिएंट लाइटिंग, वायरलेस चार्जर, टाइप-सी यूएसबी पोर्ट्स, 360-डिग्री कैमरा और एडवांस्ड लेवल-2 अडास जैसी हाई-टेक सुविधाएं भी दी जाएंगी। पावरट्रेन में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। एसयूवी पहले की तरह 2.0 लीटर एमस्टेलियन टर्बो पेट्रोल और 2.2 लीटर एमहॉक डीजल इंजन ऑप्शन्स में ही उपलब्ध रहेगी। दोनों इंजनों के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प मिलेगा। यानी परफॉर्मेंस और पावर के मामले में यह एसयूवी उतनी ही दमदार रहेगी जितनी अभी है। कंपनी 2026 की शुरुआत में इस फेसलिफ्ट मॉडल को लॉन्च कर सकती है।

# सोने-चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। आज सुबह वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव आज बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में आज सोने की कीमतें 1,04,800 रुपये, जबकि चांदी की कीमतें 1,24,00 रुपये के करीब बनी हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव ऊपर आये हैं।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुबह बढ़त के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध आज 220 रुपये बढ़कर 1,04,044 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,03,824 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 1,010 रुपये बढ़कर 1,04,834 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,05,937 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,04,044 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव आज 1,05,937 के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गये।

आज चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और इसके भाव शीर्ष स्तर पर पहुंच गए। वहीं एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 620 रुपये बढ़कर 1,22,493 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,21,873 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 2,169 रुपये बढ़कर 1,24,042 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। इस समय इसने 1,24,214 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,22,493 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। वहीं चांदी के वायदा भाव 1,24,214 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे।

वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,517.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

इसका पिछला बंद भाव 3,516.10 डॉलर प्रति औंस था। एक समय यह 15 डॉलर की बढ़त के साथ ही 3,531.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कामकाज कर रहा था। दूसरी ओर कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 40.18 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 40.20 डॉलर था।

# रुपया गिरावट पर बंद हुआ

**नई दिल्ली।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ ही 88.20 पर बंद हुआ। आज विदेशी पूंजी की लगातार निकासी की वजह से निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर पड़ा है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 17 पैसे टूटकर 88.26 के स्तर पर आ गया। अब तक का सबसे निचला स्तर पिछले सप्ताह शक्रवार को रहा जब रुपया 88 का स्तर पार करते हुए 88.09 पर बंद हुआ था। वहीं, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ 97.70 पर रहा।



# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 51.50 रुपए हुआ सस्ता, मार्च छोड़कर इस साल कई बार घटे दाम

**नई दिल्ली।** सितंबर का महीना ग्राहकों के लिए अच्छा रहेगा। खासकर उन लोगों के लिए जो होटलों, रेस्टोरेंट्स या अन्य व्यावसायिक कामों में एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं। तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में एक बार फिर कटौती की है। इस बार 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 51.50 रुपए की कमी की गई है। अब दिल्ली में इस सिलेंडर की कीमत 1580 रुपए हो गई है, जो कि पहले 1631.50 रुपए थी। यह नई दर 1 सितंबर से लागू हो चुकी है। हालांकि, आम घरेलू उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं दी गई है। 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस साल कमर्शियल सिलेंडरों के दामों में जनवरी से लगातार राहत मिल रही है सिर्फ मार्च महीने को छोड़कर। जनवरी में 14.50 रुपए की कटौती हुई थी। फरवरी में 7 रुपए कम हुए। मार्च में 6 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। इसके बाद अप्रैल में 41 रुपए की बड़ी कटौती की गई थी। मई में 14 रुपए और जून में 24 रुपए की कटौती की गई। जुलाई में ग्राहकों को सबसे बड़ी राहत मिली, जब 58.50 रुपए घटा दिए गए। अगस्त में भी 33.50 रुपए की कमी की गई थी और अब सितंबर की शुरुआत में ही राहत दी गई है। कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों, मुद्रा विनिमय दर और टैक्स स्ट्रक्चर जैसे कई कारकों पर निर्भर करती हैं। तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को इन दरों की समीक्षा करती हैं और फिर बदलाव करती हैं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार को कुछ जगहों पर तेल की कीमतें बढ़ीं हैं जबकि कुछ जगहों पर कम हुई हैं। दुनिया भर के बाजारों में कच्चे तेल के दाम बढ़कर 68 डॉलर पहुंच गये। इससे देश भर में तेल की कीमतें भी प्रभावित हुई हैं। चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर रहा। वहीं उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल की कीमतें 27 पैसे कम हुईं। इससे ये 94.87 रुपये लीटर पर है। वहीं डीजल की कीमतें भी 25 पैसे कम हुई हैं और 87.82 रुपये लीटर पहुंच गयी हैं। गाजियाबाद में पेट्रोल 21 पैसे की बढ़त के साथ ही 94.76 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 23 पैसे चढ़कर 87.52 रुपये लीटर बिक रहा है। इसके अलावा गुरुग्राम में पेट्रोल 17 पैसे बढ़त के साथ 94.57 रुपये लीटर जबकि डीजल 19 पैसे चढ़कर 87.76 रुपये लीटर पर पहुंच गया। दूसरी ओर कच्चे तेल में हल्की बढ़त रही। ब्रेंट क्रूड 67.40 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।



# शेसर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 554 , निफ्टी 198 अंक उछला

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी आईटी शेयरों में तेजी से बाजार उछला। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले को गलत बताये जाने से भी निवेशकों में उत्साह है। अमेरिकी टैरिफ लगने के बावजूद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.8 फीसदी रहने से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 554.84 अंक बढ़कर 80,364.49 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 198.20 अंक बढ़कर 24,625.05 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,098.10 अंक बढ़कर 56,825.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 271.10 अंक उछलकर 17,498.10 पर था।

वहीं सेक्टोरल आधार पर देखा जाये तो निफ्टी ऑटो , निफ्टी आईटी , निफ्टी मेटल , निफ्टी एनर्जी और निफ्टी पीएसई में सबसे ज्यादा बढ़त रही। वहीं निफ्टी फार्मा और निफ्टी मीडिया में ही गिरावट रही। सेंसेक्स पैक की बात करें तो एमएंडएम, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक टॉप के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं सन फार्मा, आईटीसी, एचयूएल, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी के शेयर गिरे।

बाजार जानकारों के अनुसार जीडीपी के आंकड़ों से अधिक बेहतर होने से भी बाजार को बल मिला। अमेरिकी टैरिफ के बढ़ने के बाद भी जीडीपी पर प्रभाव नहीं पड़ने से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। आज सुबह सेंसेक्स 79,828 अंक पर खुला। खुलते ही इसमें बढ़त आई। सुबह यह 338.48 अंक करी 0.42 फीसदी बढ़कर 80,148.13 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी बढ़कर 24,432.70 पर खुला। इसके बाद ये खरीदारी के कारण 25,500 के ऊपर पहुंच गया। सुबह यह 77.85 अंक या 0.32 फीसदी उछलकर 24,519 पर कारोबार करता दिखा।




वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई 225 0.92 फीसदी, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.85 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.17 फीसदी गिरा। दूसरी ओर चीन का शंघाई कंपोजिट 0.20 फीसदी की बढ़त के साथ ऊपर आया। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट में गिरावट रही। एसएंडपी 500 में 0.64 फीसदी की गिरावट रही जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 1.15 फीसदी की कमी आई। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज भी 0.20 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 8,092.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 10,925.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी ने बजाज ऑटो को पांचवें स्थान पर धकेला




**नईदिल्ली।** अगस्त के महीने में भारतीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में पहली बार एथर एनर्जी ने ओला इलेक्ट्रिक को पछाड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी ने बजाज ऑटो को पांचवें स्थान पर धकेल दिया। जानकारों के मुताबिक, बजाज की चेतक इलेक्ट्रिक और गोगो 3डब्ल्यू की प्रोडक्शन चीन से आई सप्लाई चेन की रुकावट से बुरी तरह प्रभावित हुई। रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी को लेकर कंपनी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगस्त उनके लिए जीरो मंथ साबित हो सकता है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि सप्लाई जल्द सुधरेगी और बजाज अपनी पुरानी पोजिशन पर लौट आएगा। ओला इलेक्ट्रिक को अगस्त में एक तरफ पीएलआई स्कीम की मंजूरी मिली, जिससे कंपनी को 2028 तक 13-18प्रतिशत तक का इंसेंटिव मिलेगा, लेकिन दूसरी ओर मार्केट शेयर में गिरावट और ग्राहकों का घटता भरोसा अभी भी कंपनी के लिए चुनौती बना हुआ है। इसका असर इसके शेयर प्राइस पर भी दिखा, जो 76 रुपये से गिरकर 50.8 रुपये तक पहुंच गया। दूसरी ओर, एथर एनर्जी ने अप्रत्याशित छलांग लगाई। मई में लिस्टेड हुई कंपनी का जून तिमाही में रेवेन्यू 79 प्रतिशत बढ़कर 644.6 करोड़ रुपये पहुंच गया। घाटा भी घटकर 178.2 करोड़ रह गया, जो पिछले साल से कुछ बेहतर स्थिति है। इस ग्रोथ ने एथर को ओला के ऊपर पहुंचा दिया है। उद्योग में चिंता का बड़ा कारण रेयर अर्थ एलिमेंट्स की कमी बनी हुई है। ये मिनरल्स ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस सेक्टर के लिए बेहद अहम हैं। चीन की सप्लाई कर्ब्स ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। यही वजह है कि ओला समेत कई कंपनियां अब रेयर अर्थ-फ्री मोटर्स पर काम कर रही हैं, ताकि चीन पर निर्भरता कम की जा सके। अगस्त का यह उतार-चढ़ाव बताता है कि ईवी मार्केट सिर्फ प्रतिस्पर्धा का नहीं बल्कि सप्लाई चेन प्रबंधन का भी खेल है।

# अगस्त में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 59.3 पर, प्रोडक्शन में तेजी

## जॉब जेनरेशन लगातार 18वें महीने मजबूत

**नई दिल्ली।**

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने अगस्त में मजबूत ग्रोथ दर्ज की गई। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जुलाई के 59.1 से बढ़कर 59.3 हो गया। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। पीएमआई का यह स्तर बीते 17 साल और छह महीने में ऑपरेटिंग स्थिति में सबसे तेज सुधार को दिखाता है। सर्वे में शामिल कारोबार ने इनपुट स्टॉक्स में बढ़ोतरी की रिपोर्ट दी, जबकि फिनिश्ड प्रोडक्ट्स का इन्वेंटरी भी नौ महीनों में पहली बार बढ़ा। एचएसबीसी इंडिया प्रमुख प्रांजल भंडारी ने कहा, ÷अगस्त में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई एक नई ऊंचाई पर पहुंचा, इसका कारण उत्पादन में तेज विस्तार है। अमेरिकी की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ बढ़ाने से नई एक्सपोर्ट ऑर्डर्स की ग्रोथ में थोड़ी नरमी आई हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी खरीदार टैरिफ की अनिश्चितता के बीच ऑर्डर देने से बच रहे हैं। नए ऑर्डर मजबूती से आते रहे, जुलाई की रफ्तार के बराबर- जो पिछले 57 महीनों में सबसे तेज थी। सबसे मजबूत बिक्री और प्रोडक्शन परफॉर्मेंस इंटरमीडियेट गुड्स कैटेगरी में देखा गया। इसके बाद कैपिटल गुड्स और फिर कंज्यूमर गुड्स का स्थान रहा। इंटरनेशनल ऑर्डर में ग्रोथ थोड़ी धीमी रही, जो पिछले पांच महीनों में सबसे कमजोर रही। कंपनियों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से नए काम हासिल करने की जानकारी दी।

**जॉब जेनरेशन लगातार 18वें महीने मजबूत**

कंपनियों ने अतिरिक्त सामग्री की खरीद तेज की और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई। वे आंशिक रूप से बिजनेस आउटलुक को लेकर सकारात्मक हैं। ग्रोथ रेट 16 महीने के हाई पर पहुंच गई, जो लॉन्ग टर्म औसत से काफी ऊपर है। इभारतीय मैन्युफैक्चरर अपनी वर्कफोर्स एक्सपेंशन जारी रखे हुए हैं। अगस्त में रोजगार 18वें लगातार महीने बढ़ा। हालांकि जॉब जेनरेशन नवंबर 2024 के बाद सबसे धीमी गति से हुआ, फिर भी यह ऐतिहासिक रूप से मजबूत बना रहा।

# पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी किगर का फेसलिफ्ट वर्जन लांच

**नईदिल्ली।** भारतीय बाजार में रेनॉल्ट इंडिया ने अपनी पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी किगर का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। नई रेनॉल्ट किगर का बेस वैरिएंट अथेंटिक अब पुराने आरएक्सई से सिर्फ 15,000 रुपये महंगा है, जबकि टॉप-स्पेक इमोशन वैरिएंट की कीमत पिछले मॉडल से केवल 6,000 रुपये ज्यादा है। कंपनी ने कीमतों में मामूली बढ़ोतरी की है, लेकिन फीचर्स और लुक्स के मामले में नई किगर को और ज्यादा आकर्षक व प्रीमियम बना दिया गया है। डिजाइन और फीचर्स के लिहाज से नई किगर पहले से कहीं ज्यादा मॉडर्न और फ्रेश नजर आती है। एक्सटीरियर में नई ग्रिल, अपडेटेड बंपर, स्टाइलिश एलईडी डीआरएल और हेडलैंप दिए गए हैं, जो इसे और ज्यादा स्पोर्टी बनाते हैं। वहीं इंटीरियर में नया इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, प्रीमियम अपहोल्स्ट्री और बेहतर स्पेस मैनेजमेंट जोड़ा गया है। सेफ्टी के लिहाज से मल्टीपल एयरबैग्स, ईएसपी, हिल-स्टार्ट असिस्ट और रियर कैमरा जैसे फीचर्स मौजूद हैं। कंपनी ने इंजन ऑप्शन में कोई बदलाव नहीं किया है। इसमें 1.0-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड और 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल, एएमटी और सीवीटी गियरबॉक्स का विकल्प मिलता है। स्मूद ड्राइविंग और दमदार परफॉर्मेंस दोनों का ध्यान रखा गया है। बाजार में यह एसयूवी टाटा पंच, मारुति फ्रोंक्स और हुंडई एक्सटर जैसी गाड़ियों से टक्कर लेगी।



# महिला केंद्रित वेब सीरीज एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं सना मकबूल

लंबे ब्रेक के बाद अभिनेत्री सना मकबूल अब महिला केंद्रित वेब सीरीज के साथ वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि लंबे समय तक चुपचाप अपनी सेहत का ख्याल रखने और खुद को दोबारा तैयार करने के बाद अब फिर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रही हैं। सना ने अपनी जिंदगी के सफर को याद करते हुए कहा कि जब हालात ने उन्हें रुकने पर मजबूर किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं अक्सर खुद को सबसे आखिर में रखती हैं, अपने सपनों को, अपनी सेहत को, और अपनी खुशी को भी। उन्होंने कहा, मेरे लिए महिलाओं से जुड़ी एक कहानी के साथ वापसी करना बहुत खास है। ये मेरी तरफ से एक संदेश है कि हम सबको दूसरा मौका मिलना चाहिए, और हम सबकी बात सुनी जानी चाहिए। उनकी आने वाली वेब सीरीज महिलाओं की भावनाओं, ताकत और जज्बे पर आधारित होगी, जो सना की जिंदगी के अनुभवों से भी मेल खाती है। इस प्रोजेक्ट को उन्होंने इसलिए चुना क्योंकि वह ऐसे किरदारों को सामने लाना चाहती थीं, जो साहस, उम्मीद और आत्म-खोज की मिसाल पेश करें। सना को आखिरी बार सुर्खियों में तब देखा गया था, जब जून में उनकी करीबी दोस्त, डॉ. आशना कंचवाला ने अस्पताल से एक इमोशनल पोस्ट शेयर की थी।
इंस्टाग्राम स्टोरी पर सना की एक बीमार हालत में तस्वीर साझा करते हुए आशना ने लिखा था, मेरी सबसे स्ट्रॉन्ग दोस्त। तुमने जैसी हिम्मत दिखाई है, मैं तुम पर गर्व करती हूं। तुम जल्द ही इस मुश्किल से बाहर आओगी। इसके कुछ दिन बाद, सना ने भी सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को धन्यवाद कहा और सभी से दुआओं की गुजारिश की। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने हाथ में एक डॉल पकड़ी थीं और लिखा था, मेरे इस तूफान के बीच, वह मेरे लिए पहला लैबुबू लाया। इसके साथ ही सना ने एक इंटरव्यू में अपने हेल्थ इश्यू के बारे में खुलकर बताया था। उन्होंने कहा था, इस बीमारी में शरीर अपने ही अंगों पर हमला करता है। मेरे केस में यह लिवर को प्रभावित कर रहा है। यह लुपस की तरह है, जिसमें किडनी या जोड़ों पर असर होता है।



# लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहब्बत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी

साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे होनहार युवा अभिनेत्रियों में से एक, कृति शेट्टी ने अपनी पहली फिल्म उप्पेना में अपनी सफलता के बाद से भावनात्मक रूप से समृद्ध और युवा भूमिकाएँ चुनने के लिए तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है।
मासूमियत और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस का सुंदर मेल उनकी पहचान बन चुका है। अब वे विनेश शिवन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी में साइंस फिक्शन की दुनिया में बड़ा कदम रख रही हैं, जहाँ वह प्रतीक रंगनाथन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह उनकी फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि वे छोटे शहरों की कहानियों और रोमांटिक कॉमेडी से निकलकर एक हाई-कॉन्सेप्ट फ्यूचरिस्टिक लव स्टोरी में नजर आएंगी, जो तकनीक, टाइम ट्रैवल और भावनाओं के धुंधले दायरों की पड़ताल करती है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र लव इंश्योरेंस कंपनी- फर्स्ट पंच में कृति के किरदार को साल 2040 की एक अनोखी साइंस-फिक्शन दुनिया में पेश किया गया है। सफेद पोशाक में सजी हुई, हाथों में फूल लिए, बारिश में बाहर निकलती कृति एक ऐसा दृश्य पेश करती हैं जिसे भूल पाना मुश्किल है। और अगर ये नज़ारा लंबे समय तक आपकी याद में न रहे, तो फिर क्या रहे? इसके बाद जो कहानी शुरू होती है, वो है 2040 की एक बेहद दिलचस्प प्रेम गाथा — एक ऐसा दौर जब दुनिया प्यार की भाषा और रोमांस को उस रूप में पीछे छोड़ चुकी है जैसा हम आज जानते हैं। जहां प्रतीक रंगनाथन का किरदार समय की परतों को पार करता है सच्चे प्यार की तलाश में, वहीं कृति इस ट्रेलर की विजुअल टोन को एंकर करती हैं — सजीव, सौम्य, भावनात्मक रूप से दूर, फिर भी संभवतः एक परिवर्तनकारी मोड़ के कगार पर।
लव इंश्योरेंस कंपनी कृति शेट्टी के करियर की अब तक की सबसे रोमांचक भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है — न केवल एक रोमांटिक लीड के रूप में, बल्कि एक ऐसे भविष्य की भावनात्मक और दार्शनिक केंद्र के रूप में भी, जो कल्पना की सीमाओं को चुनौती देता है। इंटरनेट पर कई फैन थ्योरीज़ सामने आ रही हैं, जिनमें कहा गया है कि उनका किरदार एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हो सकता है, जो अनजाने में प्रेम की अनुभूति करने लगता है। अगर ऐसा होता है, तो यह भूमिका कृति को एक बिल्कुल नए इमोशनल स्पेक्ट्रम को एक्सप्लोर करने का मौका देगी। हालांकि इन अटकलों पर मुहर तो सिर्फ कृति या फिल्म के निर्माता ही लगा सकते हैं, लेकिन इतना तय है कि LIK में उनका रोल सीमाओं को लांघने वाला होगा।

# 'जातस्य मरणं ध्रुवं' के लिए मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रही हैं शीना चौहान



साउथ इंडियन एक्ट्रेस शीना चौहान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म है 'जातस्य मरणं ध्रुवं', जिसमें वे एक आईपीएस ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म के लिए वे मार्शल आर्ट की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। 'जातस्य मरणं ध्रुवं' में शीना की जोड़ी जेडी चक्रवर्ती के साथ जमेगी। जेडी को हिंदी फिल्म 'सत्या' में देखा गया था। एक्ट्रेस शीना कराटे में ब्राउन बेल्ट और एमएमए- कराटे चैंपियनशिप में राज्य स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। अब वे फिल्म में अपने कैरेक्टर को और दमदार बनाने के लिए मार्शल आर्ट सीख रही हैं। वह हैदराबाद में एक निजी कोच के साथ प्रतिदिन 90 मिनट की ट्रेनिंग ले रही हैं। इसमें ताकत के साथ ही आधुनिक युद्ध की बारीकी पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया जा रहा है। इस बारे में बात करते हुए शीना ने कहा, मेरे लिए परफॉर्मेंस के साथ ही प्रक्रिया भी काफी महत्वपूर्ण है। चाहे वह मेरी मार्शल आर्ट हो, जिम वर्कआउट हो, या असली अधिकारियों का अध्ययन करने में बिताया गया समय हो, यह सब मुझे किरदार को ईमानदारी से जीने में मदद करता है। शीना को आखिरी बार फिल्म संत तुकाराम में देखा गया था। इसमें उन्होंने अवली जीजाबाई का किरदार बड़े ही प्रभावशाली ढंग के साथ निभाया था। इसके लिए लोगों और समीक्षकों ने उनकी तारीफ भी की थी। तेलुगु फिल्म 'जातस्य मरणं ध्रुवं' एक सस्पेंस-थ्रिलर मूवी है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ आते हैं। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है।



# साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहीं मोनालिसा

**प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है। वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी।**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके करीब सात लाख फॉलोअर्स हैं।

# विवेक के नाम का कभी फायदा नहीं उठाया



बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के चचेरे भाई अक्षय ओबेरॉय भी एक एक्टर हैं और उन्होंने भी कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अक्षय सुर्खियों में आ गए हैं, क्योंकि उन्होंने विवेक ओबेरॉय के साथ अपने रिश्ते पर बात की और पारिवारिक संबंधों पर विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों के बारे में इंडस्ट्री में बहुत कम लोगों को पता है। अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक बातचीत में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं यह बात पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं क्योंकि किसी को नहीं पता था कि हम रिश्तेदार हैं। यहां तक कि कास्टिंग करने वाले को भी नहीं, किसी को पता नहीं था। मैंने कभी इस बात का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं किया। मैंने कभी किसी से कहा नहीं क्योंकि मुझे क्या मिलता?'
आगे बातचीत में अक्षय ओबेरॉय ने कहा, 'ऐसा भी नहीं था कि मैं उन्हें फोन करके उनसे संपर्क कर पाता, आप जानते ही हैं। बदकिस्मती से, मैं यह बात गर्व से नहीं, बल्कि दुख के साथ कहता हूं कि कोई सच्चा रिश्ता ही नहीं था। तो, मैं उन्हें फोन करके क्या पूछता? मैं बस अपने रास्ते पर चलता रहा।' करियर को लेकर जवाब देते हुए अक्षय ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन था कि कोई मेरी मदद नहीं करेगा। इस क्षेत्र में मेरा कोई गुरु, गॉडफादर या मार्गदर्शक नहीं था।



## साथ मिलकर काम करते, तो मजा आता

अंत में उन्होंने कहा, हमारे परिवारों में कभी बनती नहीं थी, और मैं यहां था। शायद हम एक परिवार के तौर पर इस लिहाज से बदकिस्मत थे। वो (विवेक ओबेरॉय) और उनके पिता, दोनों ही बहुत अच्छे अभिनेता हैं, और मुझे उस वंश से होने पर गर्व है। लेकिन अगर हम साथ मिलकर काम कर पाते, तो मजा आता।'



# अब तक किन टीवी अभिनेत्रियों ने निभाई नागिन की भूमिका, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश का बरसेगा कहर

एकता कपूर के टीवी सीरियल नागिन के हर सीजन में अलग-अलग अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में नागिन बनी हैं। इनकी अदाकारी ने दर्शकों को खूब लुभाया है। इस लिस्ट में मौनी रॉय, अदा खान, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश जैसी एक्ट्रेस ने रातोंरात प्रसिद्धि हासिल की है। जानिए अब सातवें सीजन में कौन सी अभिनेत्री नजर आ सकती है।

## नागिन सीजन 1



नागिन सीरीज 2015 में शुरू हुई थी। हर सीजन में मुख्य नागिन का किरदार एक या ज्यादा अभिनेत्रियां निभाती हैं। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय और अदा खान ने नागिन की भूमिका निभाई थी। मौनी रॉय को नागिन सीरियल से प्रसिद्धि मिली। सीजन 1 में मौनी ने शिवन्या नाम की मुख्य नागिन का रोल निभाया। यह एक इच्छाधारी नागिन थी, जो अपने माता-पिता की हत्या का बदला लेती है। अर्जुन बिजलानी और अदा खान उनके साथ थे। यह सीजन जबरदस्त हिट हुआ था।

## नागिन सीजन 2

नागिन का दूसरा सीजन 8 अक्टूबर 2016 को शुरू हुआ था। इस सीजन में भी मौनी ने शिवांगी का रोल किया, जो शिवन्या की बेटी थी। यहां उन्होंने नागिन के रूप में जहर भरी अदाओं और इमोशनल सीन दिखाए। करणवीर बोहरा और अदा खान फिर साथ थे। मौनी की डांसिंग और ट्रांसफॉर्मेशन सीन आज भी फेमस हैं।

## नागिन सीजन 3



नागिन का सीजन 3, 2 जून 2018 से 26 मई 2019 तक चला। इसमें सुरभि ज्योति मुख्य नागिन बनीं। उन्होंने बेला सहगल और श्रावणी सिप्पी के डबल रोल किए, जो शेषनाग वंश की नागरानी थीं। यह सीजन सबसे लंबा चला और काफी हिट रहा। पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी उनके साथ थे।

## निया शर्मा - नागिन सीजन 4



सीजन 4 नागिन - भाग्य का जहरीला खेल 14 दिसंबर 2019 से 8 अगस्त 2020 तक चला। इसमें निया ने बृंदा का मुख्य रोल किया, जो शेषनाग वंश की नागिन थी। कोविड के कारण शो रुका भी, लेकिन फिर चला। विजयेंद्र कुमेरिया और जस्मिन भसीन साथ थे।

## सुरभि चंदना - नागिन सीजन 5



नागिन सीजन 5 में सुरभि चंदना ने बानी शर्मा का रोल निभाया, जो शेषनाग वंश से सर्वश्रेष्ठ आदि नागिन थी। शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल उनके को-स्टार थे। सुरभि की दमदार ऐक्टिंग और नागिन के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन सीन खूब पसंद आए। यह सीजन भी हिट रहा।

## तेजस्वी प्रकाश - नागिन सीजन 6

नागिन सीजन 6 सबसे लंबा चला। तेजस्वी प्रकाश ने प्रथा गुजराल/ प्रार्थना /प्रगति के ट्रिपल रोल किए, जो वासुकी कबीले की महा शेष नागिन थीं। बिग बॉस 15 जीतने के बाद यह उनका पहला बड़ा शो था। सिम्बा नागपाल, महक चहल और वत्सल सेठ साथ थे।

## नागिन सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश

अब नागिन 7 की बात। एकता कपूर ने 2025 में इसकी अनाउंसमेंट की और दो साल के इंतजार के बाद टीजर रिलीज हो गया। यह सीजन भी कलर्स टीवी पर आएगा, लेकिन अभी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश ही मुख्य नागिन का रोल निभाएंगी। वह सीजन 6 की तरह ही वापसी करेंगी, लेकिन नई कहानी के साथ।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in